

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 11 फरवरी 2026

संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण 10 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 151, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ ओटीटी की भाषा, हिन्दी और हम

किंग के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे शाहरुख खान ◂◂ 6


# दुमका में डबल मर्डर से सनसनी : गांधी मैदान के पास मां और मासूम बेटी का शव बरामद



**संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड की उपराजधानी दुमका से बड़ी और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शहर के गांधी मैदान के पास सदर इंस्पेक्टर कार्यालय के पीछे एक महिला और उसकी मासूम बेटी का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और माहौल बेहद गमगीन हो गया।

**सुनसान जगह पर मिला शव, लोगों ने दी पुलिस को सूचना :** बताया जा रहा है कि सुबह कुछ लोगों ने झाड़ियों के पास दो शव पड़े देखे। करीब जाकर देखने पर पता चला कि एक महिला और एक छोटी बच्ची की लाश है। इसके बाद तुरंत नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी।

**दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका :** शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। बच्ची की भी बेरहमी से हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पाएगी। फिलहाल दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**शिनाख्त अब तक नहीं, पुलिस जुटी जांच में :** सबसे बड़ी बात यह है कि मृतका और बच्ची की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है। साथ ही इलाके के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि शिनाख्त हो सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना पुलिस के साथ सदर एसडीपीओ विजय कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, ताकि मौके से साक्ष्य जुटाए जा सकें। पुलिस का कहना है कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और जल्दबाजी में किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जाएगा।

# अब 24 फरवरी को होगी इंटर की परीक्षा मतदान के कारण बदला शेड्यूल

**रांची:** राज्य में होने वाले निकाय चुनाव का असर अब शैक्षणिक कैलेंडर पर भी दिखने लगा है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए इंटरमीडिएट समेत कई कक्षाओं की परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। 23 फरवरी को निर्धारित इंटर की परीक्षा अब 24 फरवरी को आयोजित की जाएगी।




**मतदान के कारण परीक्षा तिथि में किया गया बदलाव :** परिषद की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, हिंदी बी और मातृभाषा विषय की इंटरमीडिएट परीक्षा 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। पहले यह परीक्षा 23 फरवरी को होना थी, लेकिन उसी दिन निकाय चुनाव के लिए मतदान होना है। परीक्षा और मतदान एक साथ होने से छात्रों को परेशानी हो सकती थी, जिसे देखते हुए तिथि में बदलाव का निर्णय लिया गया है।

11वीं कक्षा की परीक्षाओं के कार्यक्रम में भी परिवर्तन किया गया है। अब यह परीक्षा 25, 26 और 28 फरवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रत्येक विषय 40 अंकों का होगा। चुनावी व्यस्तता और संसाधनों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है।

**अब 2 मार्च को होगी परीक्षा :** 27 फरवरी को मतगणना निर्धारित है। इसी कारण आठवीं कक्षा की परीक्षा, जो पहले उस दिन होनी थी, अब 2 मार्च को कराई जाएगी। आठवीं की परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। इसके लिए छात्र 20 फरवरी से जैक की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। नौवीं कक्षा के परीक्षा कार्यक्रम में भी संशोधन किया गया है। अब नौवीं की परीक्षाएं 6 और 7 मार्च को होंगी। संबंधित छात्र 24 फरवरी से अपना एडमिट कार्ड ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। वहीं, इंटरनल असेसमेंट के मार्क्स 8 मार्च से 18 मार्च के बीच पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

**परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली :** गौरतलब है कि राज्य में 23 फरवरी को मतदान और 27 फरवरी को मतगणना प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि और चुनावी कार्यक्रम के टकराव को लेकर विद्यार्थी लगातार संशोधन की मांग कर रहे थे। परिषद के इस फैसले से परीक्षार्थियों को राहत मिली है। जैक ने छात्रों और स्कूल प्रबंधन से अपील की है कि वे संशोधित तिथियों के अनुसार तैयारी सुनिश्चित करें और समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें।

## तमिलनाडु सीआईडी का गिरिडीह में छापा जमुआ से गिरफ्तार हुआ ठगी का आरोपी

**गिरिडीह:** करोड़ों रुपए के कथित घोटाले के एक आरोपी को तमिलनाडु सीआईडी की टीम ने गिरिडीह के जमुआ से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी गुलशन दराद जमुआ थाना क्षेत्र के मिजार्गंज का रहने वाला है. तमिलनाडु सीआईडी की टीम ने मिजार्गंज स्थित उसके आवास पर छापेमारी कर हिरासत में लिया और ट्रांजिट रिमांड पर उसे साथ लेकर कोयंबटूर रवाना हो गई.

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुलशन दराद और उसके 5झ6 सहयोगी के खिलाफ कोयंबटूर में एक बड़े वित्तीय घोटाले का मामला दर्ज किया गया था. जो जानकारी मिली है उसके अनुसार गुलशन कोयंबटूर में एक टूरिज्म कंपनी चलाता था. जनवरी 2026 में उसके विरुद्ध कोयंबटूर में मामला दर्ज हुआ था. जिसके बाद से वह फरार चल रहा था.

इस मामले को लेकर तमिलनाडु पुलिस गुलशन की तलाश कर रही थी. इसी कड़ी में मंगलवार को तमिलनाडु सीआईडी की टीम गिरिडीह पहुंची. यहां के बाद टीम जमुआ पहुंची. तमिलनाडु सीआईडी ने जमुआ पुलिस को बताया कि गुलशन और उसके आधा दर्जन सहयोगियों के खिलाफ कृष्णागिरी में मामला दर्ज है. इसकी जानकारी गिरिडीह एसपी को भी दी गई.

जानकारी के बाद एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश के बाद जमुआ थाना प्रभारी विभूति देव की टीम कोयंबटूर पुलिस को लेकर गुलशन के घर पर पहुंची और यहीं से गुलशन को गिरफ्तार किया गया. इधर आरोपी के परिजनों के अनुसार गुलशन लंबे समय से पर्यटन व्यवसाय से जुड़ा है. उसे साजिश के तहत फंसाने का प्रयास किया जा रहा है. फिलहाल सीआईडी पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल में जुटी हुई है.

इस मामले में जमुआ थाना प्रभारी विभूति देव ने आरोपी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है. उन्होंने कहा कि कोयंबटूर (तमिलनाडु) से सीआईडी की टीम पहुंची थी. आरोपी के खिलाफ कोयंबटूर में बड़ी रकम के घोटाले का मामला दर्ज है. गिरफ्तारी के बाद सीआईडी की टीम उसे अपने साथ ले कर गई है.

## झारखंड में धूप निकलते ही महसूस होने लगी गर्मी, न्यूनतम पारा ने सर्दी की विदाई रोकी

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में दिन के वक्त करीब करीब सर्दी ने विदाई ले ली है। धूप निकलते ही गर्मी महसूस होने लगती है। पिछले कुछ दिनों से दिन के वक्त चल रही बर्फीली हवा का मिजाज भी बदल गया है। लिहाजा, अधिकतम पारा एक बार फिर चढ़ता दिख रहा है। लेकिन न्यूनतम पारा की वजह से सर्दी की विदाई नहीं हो पा रही है। इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। दिन में गर्मी तो शाम होते ही ठंड महसूस होने लगती है। मौसम केंद्र के मुताबिक आने वाले दिनों में भी मौसम के मिजाज में कोई खास परिवर्तन की उम्मीद नहीं है।



**अधिकतम पारा में इजाफा :** मौसम केंद्र, रांची की ओर से 11 फरवरी को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 2-3 डिग्री तापमान तक का इजाफा हुआ है। चाईबासा जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा है। यहां का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री हो गया है। दूसरे स्थान पर 32 डिग्री के साथ सरायकेला जिला है। तीसरे स्थान पर 30.6 डिग्री के साथ डाल्टनगंज और 30.4 डिग्री के साथ जमशेदपुर चौथे स्थान पर है। रांची का अधिकतम पारा 27 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है जो 10 फरवरी की तुलना में करीब 2 डिग्री ज्यादा है। बोकारो का भी पारा 30.1 डिग्री पहुंच गया है। हालांकि शेष ज्यादातर जिलों का अधिकतम पारा अभी भी 30 डिग्री से नीचे ही है।

**न्यूनतम पारा भी चढ़ा :** पिछले 24 घंटों में न्यूनतम पारा में भी 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। सबसे कम 6.4 डिग्री तापमान गुमला में रिकॉर्ड हुआ है। यहां के तापमान में भी करीब 1 डिग्री का इजाफा हुआ है। वहीं खूंटी जिला में 7.7 डिग्री, लोहरदगा में 7.8 डिग्री, जबकि डाल्टनगंज में 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। सिमडेगा में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री रहा है। इसके अलावा रांची, जमशेदपुर, बोकारो, चाईबासा, कोडरमा लातेहार, पाकुड़ और सरायकेला का न्यूनतम तापमान 10-12 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ है। लिहाजा, पिछले 24 घंटों की तुलना में झारखंड में गर्मी बढ़ी है। पूरे राज्य में लातेहार एकमात्र जिला है, जहां का अधिकतम तापमान सबसे कम 22.5 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक मौसम की आंखमिचौनी का दौर अभी जारी रहेगा। अगले दो दिनों तक पारा में 204 डिग्री वृद्धि के आसार हैं। लेकिन उसके बाद के तीन दिनों तक पारा में 2 डिग्री तक फिर गिरावट आने की संभावना है।

## केंद्र सरकार ने वंदे मातरम के लिए विस्तृत प्रोटोकॉल जारी किया, सभी सरकारी कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य




**नई दिल्ली ।** केंद्र ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल स्थापित करने वाले नए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए और दर्शकों से अपेक्षित आचरण, विशेष रूप से राष्ट्रगान के संबंध में क्या होना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नए निर्देशों का उद्देश्य देश भर में सार्वजनिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगान की स्थिति और औपचारिक भूमिका को स्थापित करना है, जिसमें राजकीय समारोहों और संस्थागत सभाओं के दौरान इसके पालन पर अधिक जोर दिया गया है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक संस्करण, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए।

इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं।

एक जरूरी बात यह है कि अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'।

दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें।

गृह मंत्रालय ने शिक्षण संस्थानों से दैनिक विद्यालय सभाओं और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।

इस कदम का उद्देश्य छात्रों और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है।

औपचारिक स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए, दिशानिर्देशों में यह अनुशंसा की गई है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरूआत का संकेत दिया जाना चाहिए।

साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है।

निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रगान से संबंधित औपचारिक प्रोटोकॉल में लंबे समय से चली आ रही कमी को दूर करना है।

गृह मंत्रालय राष्ट्रीय गीत के प्रोटोकॉल को राष्ट्रगान के प्रोटोकॉल के करीब लाने की संभावना की भी जांच कर रहा है, जिसमें खड़े होने और सम्मान के अन्य हावभाव से संबंधित अपेक्षाएं शामिल हैं।

हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम वैधानिक संशोधन या कानूनी प्रावधान पेश नहीं किया गया है।

## लोकसभा में बोले राहुल गांधी, हम अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं



**नई दिल्ली ।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर सवाल उठाए और कहा कि भारत स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया की ओर बढ़ रहा है। लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा, मैं इकोनॉमिक सर्वे देख रहा था। मुझे दो खास बातें मिलीं। पहली, हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां जियोपॉलिटिकल लड़ाई तेज हो रही है। चीन, रूस और दूसरी ताकतें अमेरिका के दबदबे को चुनौती दे रही हैं। दूसरी, हम एनर्जी और फाइनेंशियल हथियारों की दुनिया में रह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, प्रधानमंत्री और एनएसए ने कहा है कि युद्ध का दौर खत्म हो गया है। असल में, हम युद्ध के दौर में जा रहे हैं। इसलिए हम अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि डॉलर को चुनौती दी जा रही है और अमेरिका के दबदबे को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम एक सुपरपावर वाली दुनिया से एक ऐसी नई दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जिसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते। यह एक अस्थिर दुनिया है। इकोनॉमिक सर्वे भी यही कहता है और मैं इससे सहमत हूं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच मुकाबले में सबसे कीमती चीज भारतीय डेटा है। अगर अमेरिकी सुपरपावर बने रहना चाहते हैं और अगर अमेरिकी अपने डॉलर को बचाना चाहते हैं, तो उसके लिए भारतीय डेटा ही सबसे जरूरी है। राहुल गांधी ने कहा, बहुत से लोग कहते थे कि आबादी एक बोझ है, आबादी एक आपदा है। नहीं, आबादी सबसे बड़ी संपत्ति है जो आपके पास हो सकती है। यह एक ताकत है। लेकिन यह तभी ताकत है जब आप उस डेटा को पहचानते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, अगर 'इंडिया अलायंस' राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत कर रहा होता, तो सबसे पहले हम प्रेसिडेंट ट्रंप से कहते कि इस इक्वेशन में सबसे जरूरी चीज भारतीय डेटा है। आप अपना डॉलर बचाना चाहते हैं? हम आपके डॉलर को बचाने में आपकी मदद करना चाहते हैं, लेकिन याद रखें कि अगर आप अपना डॉलर बचाना चाहते हैं, तो सबसे बड़ी एसेट जो आपके डॉलर को बचा सकती है, वह भारतीय लोगों के पास है।

### ईरान की ओर बढ़ रहा 'विशाल बेड़ा,' ट्रंप बोले

# डील करें तेहरान वरना नतीजे भुगते

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की ओर एक 'विशाल नौसैनिक बेड़ा' तैनात किया है। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि ईरान बातचीत करना चाहता है, लेकिन अमेरिका की शर्तें स्पष्ट और सख्त होंगी। फॉक्स बिजनेस के लैरी कडलो को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने क्षेत्र में बढ़ी अमेरिकी सैन्य सक्रियता का जिक्र करते हुए कहा, जैसा कि आप जानते हैं, इस समय एक विशाल बेड़ा ईरान की ओर जा रहा है। देखते हैं क्या होता है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है वे डील करना चाहते हैं। अगर वे ऐसा नहीं करते तो यह उनकी मूर्खता होगी। हालांकि, ट्रंप ने साफ किया कि किसी भी समझौते में अमेरिका की मूल चिंताओं को शामिल करना जरूरी होगा।राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, डील अच्छी होनी चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं, और बाकी सभी मुद्दे जिन्हें आप खत्म करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या मौजूदा ईरानी शासन पर भरोसा किया जा सकता है।



ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जो बाइडेन की ईरान नीति की आलोचना की। उन्होंने कहा, ओबामा और बाइडेन ने ईरान के मामले में एक राक्षस खड़ा कर दिया। वह परमाणु समझौता सबसे बेवकूफी भरे समझौतों में से एक था जो मैंने देखा है। उन्होंने पहले ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी कार्रवाई का भी जिक्र किया और कहा, पिछली बार हमने उनकी परमाणु क्षमता खत्म की थी, इस बार और करना पड़ेगा या नहीं, यह देखना होगा।

ट्रंप ने सैन्य तैनाती और कूटनीति को एक व्यापक रणनीति का हिस्सा बताया, जिसमें आर्थिक दबाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों शामिल हैं। उन्होंने दावा किया, मैंने आठ युद्ध सुलझाए, जिनमें से कम से कम छह टैरिफ के जरिए सुलझे।

यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय गतिविधियों को लेकर तनाव बना हुआ है। पश्चिम एशिया में ईरान की भूमिका ऊर्जा बाजार, समुद्री मार्गों और भू-राजनीतिक समीकरणों को सीधे प्रभावित करती है। भारत, जिसके ईरान से ऐतिहासिक और आर्थिक संबंध हैं, खाड़ी क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखता है। ऊर्जा निर्भरता, कनेक्टिविटी परियोजनाएं, और समुद्री सुरक्षा भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम हैं।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# साइबर ठगी की शिकायत 1930 व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर करें: डीसी

✔ सावधानी व सतर्कता के साथ करें इंटरनेट एवं एआई का उपयोग

**संवाददाता**



**चतरा :** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त एवं चतरा विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने हमारी जीवनशैली को आसान बनाया है, लेकिन इसके उपयोग में सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह के लालच में पड़कर लोग अपनी गाढ़ी कमाई मिनटों में गंवा देते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं, जिनमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का झांसा देकर निवेश, विभिन्न ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म आदि शामिल हैं।उपायुक्त ने साइबर ठगी से बचाव के लिए सुरक्षित तरीके से वित्तीय लेन-देन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाई-फाई के उपयोग से बचें; अनजान लोगों के साथ बिना जानकारी के लेन-देन न करें; अनजान नंबरों से आने वाले व्हाट्सएप कॉल, वीडियो कॉल व अंतरराष्ट्रीय कॉल रिसीव न करें; तथा स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार को भी जागरूक करें।उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाते हैं। यदि साइबर फ्रॉड होता है तो तत्काल 1930 पर कॉल करें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं ताकि ट्रांजेक्शन को ब्लॉक किया जा सके। देरी होने पर ह्यगोल्डन आवरह्न समाप्त हो जाता है, जिससे राशि वापस मिलने की संभावना कम हो जाती है।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अनजान व्यक्तियों के साथ ओटीपी, आधार, पैन या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने; संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने; भुगतान प्राप्त करने के नाम पर क्यूआर कोड स्कैन न करने; ओटीपी या पिन साझा न करने; तथा बैंकिंग ट्रांजेक्शन के दौरान सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग न करने की सलाह दी गई। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेट्स, ऑनलाइन फ्रॉड, डीपफेक, व्हाट्सएप सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**संवाददाता**



**खूंटी :** जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र घुनसूली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आई फोर्टे आई हॉस्पिटल, खूंटी और सिटीजन्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में घुनसूली सहित आसपास के कई गांवों से सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई।

ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से लोग आंखों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण आंखों की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। लेकिन आर्थिक तंगी, शहर तक पहुंचने की परेशानी और डॉक्टर के पास जाने के डर के कारण ग्रामीण अक्सर आंखों की समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है।

इन्हीं समस्याओं को देखते हुए आई फोर्टे के संचालक डॉ. सुभाष कुमार और सिटीजन्स फाउंडेशन ने ग्रामीणों के लिए यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। शिविर से पहले संस्था द्वारा कई दिनों तक घुनसूली और आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों और बुजुर्ग महिला-पुरुषों की आंखों की जांच डॉ. सुभाष कुमार द्वारा आधुनिक मशीनों से निःशुल्क की गई। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गईं, वहीं आवश्यकतानुसार चश्मा भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ. सुभाष कुमार संचालक, आई फोर्टे आई हॉस्पिटल खूंटी ने बताया कि

ह्रहम लगातार ऐसे शिविर ग्रामीण इलाकों में लगाते रहते हैं ताकि गांव के लोगों को आंखों के इलाज के लिए भटकना न पड़े। इस शिविर में करीब 250 से 300 मरीजों के आने की उम्मीद है। जिन मरीजों की आंखों में ज्यादा समस्या है, उन्हें खूंटी स्थित आई फोर्टे क्लीनिक बुलाया जा रहा है। वहीं मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारियों वाले मरीजों के लिए रांची में इलाज की व्यवस्था की जाएगी।ह्व

शिविर में आंखों की जांच कराकर और निःशुल्क दवा प्राप्त कर ग्रामीण काफी खुश नजर आए। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए आई फोर्टे आई हॉस्पिटल और सिटीजन्स फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

### पूर्व पति ने पत्नी को बीच सड़क पर गोलियों से भूना

## पुलिस का दावा: 'प्रेम प्रसंग' में गई जान

✔ फरार आरोपी की तलाश में जुटी हंटरगंज पुलिस

**संवाददाता**



**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में कत्ल की एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया है। थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में एक महिला के पूर्व पति ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए अपनी पूर्व पत्नी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। सोमवार की रात हुई इस गोलीबारी ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस के मुताबिक, यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग और रंजिश से जुड़ा हुआ है। वारदात सोमवार की रात करीब 8:00 बजे की बताई जाती है। गायघाट गांव निवासी 25 वर्षीय पूनम कुमारी का शव उसके घर से महज 50 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ मिला। पूनम की हत्या किसी धारदार हथियार से नहीं, बल्कि बंदूक की गोली मारकर की गई है। अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावर ने पूनम पर बेहद करीब से गोली चलाई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूनम के वर्तमान पति योगेंद्र भुइयां ने इस नृशंस हत्या का सीधा आरोप पूनम के पूर्व पति किशोरी भुइयां पर लगाया है। किशोरी भुइयां, वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के कुरखेता गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि पूनम ने किशोरी को छोड़कर योगेंद्र से विवाह कर लिया था, जिसे लेकर किशोरी लगातार गुस्से में था और पूनम के लिए जी का जंजाल बना हुआ था। योगेंद्र का कहना है कि किशोरी ने रंजिश के तहत इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चतरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने शुरूआती जांच के आधार पर बताया कि यह मामला पूरी तरह से प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपी पूर्व पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि हमें रात में सूचना मिली थी कि एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। प्रथम दृष्टया मामला पूर्व पति द्वारा अंजाम दिया गया प्रतीत होता है। हम हर पहलू की गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक तरफ जहाँ पुलिस आरोपी की धरपकड़ में जुटी है, वहीं इस घटना ने समाज में रिश्तों के बीच बढ़ती नफरत को उजागर कर दिया है। क्या पूनम की जान सिर्फ इसलिए ले ली गई क्योंकि उसने अपनी मर्जी से जीवन जीने का फैसला किया था?

## बलूरी का युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता,छानबीन में जुटी पुलिस

**संवाददाता**

चतरा : जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव से एक 40 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। युवक तीन दिन पहले घर से निकला था और तब से उसका कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने हंटरगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।परिजनों के अनुसार, युवक बीते तीन दिन पहले मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में युवक की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। लगातार तीन दिनों तक कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने हंटरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर युवक की बरामदगी की मांग की।परिजनों का कहना है कि युवक का किसी से कोई विवाद नहीं था और उसके गायब होने का कोई ठोस कारण समझ नहीं आ रहा है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवक के संभावित ठिकानों और उसकी कॉल डिटेल्स के आधार पर छानबीन की जा रही है। फिलहाल, युवक की तलाश जारी है और परिजन उसके सकुशल मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

## 15 वर्षीय अज्ञात किशोरी का शव बरामद

खूंटी : जिला के तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोडमा से कुदरी जाने वाले मार्ग पर फुलकु नदी के समीप बुधवार, 11 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे एक लगभग 15 वर्षीय अज्ञात किशोरी का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के गले में दुपट्टा बंधा हुआ था और गले पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार सुबह अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, इसी दौरान नदी किनारे शव पर उनकी नजर पड़ी। इसके बाद तत्काल तोरपा थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर, तोरपा थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव तथा पुलिस अवर निरीक्षक रोशन खाखा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### नीति आयोग के संपूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारंभ

# इंडिकेटरों की शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य, कोई भी पात्र न रहे वंचित

**संवाददाता**



**चतरा :** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित प्रमुख इंडिकेटरों में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीति आयोग के ह्लसंपूर्णता अभियान 2.0ह्व का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।संपूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटरों को शत-प्रतिशत प्राप्त करना है, ताकि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं आधारभूत सेवाओं से संबंधित सभी पात्र लाभुकों तक योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत आकांक्षी जिला के 5 तथा आकांक्षी प्रखंड के 6 प्रमुख इंडिकेटरों पर विशेष फोकस करते हुए समयबद्ध कार्ययोजना के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया गया है।इस मौके पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि संपूर्णता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संतृप्ति आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि सभी विभागों द्वारा समन्वित कार्ययोजना तैयार की गई है तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक माइक्रो प्लान के माध्यम से कार्य किया जाएगा, ताकि चतरा जिला संपूर्णता अभियान 2.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।विधायक श्री पासवान ने कहा कि नीति आयोग के मार्गदर्शन में चतरा जिला निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। संपूर्णता अभियान के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे मूलभूत क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिसका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है।जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी ने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है, और संपूर्णता अभियान इसी दिशा में एक सशक्त एवं प्रभावी पहल है।

जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 को सफल बनाना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हम सभी जनप्रतिनिधियों और विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित सभी इंडिकेटरों की शत-प्रतिशत संतृप्ति तभी संभव है, जब जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संपूर्णता अभियान 2.0 के माध्यम से चतरा जिले में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होगा और जिला विकास के नए मानक स्थापित करेगा।कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी (मयूरहंड), आंगनवाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदी, सहिया साथी, जिले के सभी प्रखंड प्रमुख, मयूरहंड प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव एवं पीएमयू सदस्य सहित बड़ी संख्या में संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### पानी की तलाश में घायल हिरण पहुंचा गांव इलाज कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया

चतरा : जिले के टंडवा वन प्रक्षेत्र अंतर्गत नौवाखाप गांव घायल अवस्था में हिरण पकड़ा गया। समुचित इलाज के पश्चात हिरण को सुरक्षित स्थान में छोड़ दिया गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह एक घायल हिरण नौवाखाप गांव में आ गया। घायल हिरण के मिलने की सुचना पर रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना गांव पहुंचे।रेंजर श्री पन्ना ने गांव पहुंच कर हिरण का रेस्क्यू किया।पकड़े गये हिरण को वन विभाग कार्यालय लाया गया, जहां उपचार के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन कर्मियों ने बताया कि हिरण पानी की

तलाश में गांव में घुसा था, काफी थकावट व चोट के कारण गांव में आ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में माइंस खुलने के कारण बेतहाशा हो रही जंगलों की कटाई के कारण जंगली जानवर आए दिन भटक कर गांव की ओर आ जाते हैं।रेंजर श्री पन्ना के साथ रेस्क्यू में वनरक्षी विजय कुमार, शत्रुधन चौबे, सुनिल उरांव, सत्यनारायण दास, कार्तिक पासवान, मनोज दास व इंद्रदेव आर्य शामिल थे।

### न्यूज IN ब्रीफ

## गाय ने जुड़वां बछड़े को दिया जन्म



मुरी : लुपुंग पंचायत के लोवापिरी गांव के भोलानाथ महतो के घर में एक गाय ने दो जुड़वा बछड़े को जन्म दिया दोनों सही सलामत हैं। इस मामले में देखा जाता है की एक बार में गाय एक ही बछड़े को जन्म देते हैं। इसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

## सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला बीएमडी मशीन



मुरी : हिंडाल्को मुरी यूनिट के सीएसआर विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली को बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) मशीन प्रदान की गई। इस मशीन को हिंडाल्को मुरी यूनिट के सीएसआर हेड अनिल सिंह ने रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार को सौंपा।सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि हिंडाल्को की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि रांची जिले में भी बीएमडी मशीन की उपलब्धता सीमित है, ऐसे में सिल्ली जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस मशीन की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे हड्डियों से संबंधित रोगों की जांच अब स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी और मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।मौके पर सीएसआर हेड अनिल सिंह ने कहा कि हिंडाल्को अपने सामाजिक दायित्व के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि इसी दिन बिसरिया गांव में एक स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 600 लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी प्रियंका कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं हिंडाल्को के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## जांगी गांव के शिव प्राण- प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**चतरा :** सिमरिया अनुमंडल के ग्राम पंचायत जांगी गांव में आयोजित नौ दिवसीय शिव प्राण– प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ के तीसरे दिन जांगी गांव के साथ– साथ चौराही, मंझलीटांड़, हिंसरी, चलकी, जरही समेत अन्य गांव के श्रद्धालु पहुंचे और यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर स्वस्थ जीवन और सुख समृद्धि की कामना किया। यज्ञशाला के आस– पास मनोरंजन के लिए झूला, नौका झूला, मीना बाजार समेत अन्य व्यंजनों की दुकान देखते बन रही है। मेले में स्थापित रंग–बिरंगे लाइट, झालर, विधुत रोशनी से यज्ञ परिसर जगमगा रही है। यज्ञ में सबसे अधिक महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। संध्याकालीन भजन कीर्तन और कथा वाचकों द्वारा प्रवचन किया जा रहा है, प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालु दूर– दूर से पहुंच रहे हैं और खूब आनंदित हो रहे हैं। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू सहित अन्य सदस्यों ने कहा शिव मंदिर का निर्माण और यज्ञ का आयोजन आमजनों के अथक प्रयास से संभव हो पाया है। यज्ञ आचार्य विवेक पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, अविनाश पांडेय, मोनू पांडेय, कुश पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, अनिरुद्ध पांडेय, नकुल पांडेय, सत्येंद्र पांडेय और गौतम पांडेय ने संयुक्त रूप से कहा कि जहां पर भी यज्ञ होता है वहां पर सभी 33 कोटी देवी– देवताओं की वास होती है। वह गांव धन्य है, जहां पर यज्ञ का आयोजन होता है।

## जिले के कृषक परिभ्रमण के लिए सीबी नर्सरी एंड वीएनआर फॉर्म रायपुर रवाना



**चतरा :** राष्ट्रीय मिशन योजना के तहत कृषि पशुपालन एवं सहकारिता उद्यान विभाग चतरा द्वारा राज्य के बाहर 80 कृषकों को उद्यानिकी परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत सीबी नर्सरी एंड वीएनआर फॉर्म रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया गया।इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार तथा ग्रीनरी कंपनी के निदेशक नरेंद्र पांडे जी एवं उद्यान के बड़ा बाबू अविनाश कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। ग्रीनरी कंपनी के निदेशक नरेंद्र पांडे ने बताया कि ग्रीनरी संस्था द्वारा किसानों का परिभ्रमण करवाया जा रहा है।इस क्रम में सुयोग्य किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने परिभ्रमण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषक उन्नत एवं आधुनिक तरीकों से कृषि के द्वारा अपना जीवको उपार्जन कर लाभान्वित हो सकेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि विभिन्न विभिन्न जानकारियां और खेतों में लगाए गए उन्नत फसल एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त किया और उचित प्रशिक्षण एवं परिवहन का लाभ उठाने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने नई तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि ज्यादा ज्यादा किसानों को जल स्तर को देखते हुए कम से कम पानी में ज्यादा उपज लेने के लिए टपक सिंचाई योजना खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

## हंटरगंज में भी एटीएम फ्रॉड सक्रिय




**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में एटीएम से ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ठगों ने शातिराना तरीके से एक व्यक्ति के खाते से 31 हजार रुपए निकाल लिए। एटीएम फ्राड करने वालों ने अब ठगी करने नया तरीका अपनाया है। एटीएम से छेड़छाड़ कर दीवार पर अपना हेल्पलाइन नंबर अंकित दिया, जैसे ही ग्राहक एटीएम से पैसे निकालने पहुंचा, उनका कार्ड मशीन में फंस गया, सामने दीवार पर चिपका नंबर देखकर पीड़ित उस पर सहायता के लिए फोन किया। इसके बाद एटीएम फ्राड ने जैसे जैसे पिन दबाने बोला पीड़ित दबाते चला गया। बस क्या था फ्राड ने खाते से 31000 रु अपने एकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित ने इसकी जानकारी तिलहेत मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू को दी। रामबाबू ने तुरंत इसकी जानकारी हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार एटीएम के पास पहुंचे और पीड़ित से इसकी जानकारी ली। पुलिस के अनुसार सीसी कैमरे के फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। हालांकि, उन्होंने लोगों से इस तरह के नंबर पर काल करने से बचने की अपील की है।बता दें कि मंगलवार को हंटरगंज मेन बाजार में स्थित 1 इंडिया एटीएम से रुपये निकालने के लिए तिलहेत के निवासी रामावतार भुईयां गए। जहां मशीन में एटीएम कार्ड लगाते ही फंस गया । इसके बाद दीवार पर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर काल करने पर रिसीवर ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए जोरी आने को कहा। पीड़ित मदद लेने जोरी गए, लेकिन वहां कोई मिला ही नहीं। वापस आया। इस बीच उनके खाते से 31 हजार की निकासी हो जाने का मैसेज प्राप्त हो गया। पीड़ित ने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर ठगो पर कार्रवाई की मांग की है।

## महादेव की शादी को लेकर हल्दी-मेहंदी व संगीत पहाड़ी मंदिर में कल

**रांची :** देवों के देव महादेव के पावन विवाह उत्सव के अंतर्गत कल दोपहर 1:00 बजे दिन बुधवार दिनांक 11-02-2026 से पहाड़ी मंदिर के मुख्य मंदिर प्रांगण में भव्य हल्दी-मेहंदी एवं संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर द्वारा पूरे सनातन विधि-विधान के साथ संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर 21 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में विधिवत हल्दी कूटेंगी। साथ ही 108 दीपों का प्रज्वलन, गंगाजल से महादेव का स्नान तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव को हल्दी अर्पित की जाएगी। पूरे वातावरण को भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक भावनाओं से सराबोर किया जाएगा। महासमिति के अनुसार यह आयोजन महादेव की भव्य बारात से पूर्व श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुभव होगा। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर आयोजन का कवरेज करें और महादेव की दिव्य शादी के साक्षी बनें।

## महविश ने आकाशवाणी रांची के समाचार एकांश में प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया



**रांची :** भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी महविश रहमान ने आकाशवाणी रांची के समाचार एकांश (आरएनयू) में प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के साथ ही उन्होंने समाचार संचालन की जिम्मेदारी संभाल ली। इससे पहले महविश रहमान नई दिल्ली के सूचना भवन स्थित न्यू मीडिया विंग में काम कर चुकी हैं, साथ ही पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) रांची में भी सेवाएं दे चुकी हैं। महविश रहमान ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से अध्ययन किया है। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में स्नातक करने के बाद एजेके एमसीआरसी से जनसंचार में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यूजीसी-नेट और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है और डिकिंसन कॉलेज पेंसिलवेनिया, यूएसए में एक्सचेंज फेलो रह चुकी हैं। आकाशवाणी रांची के केंद्र निदेशक श्री डी सी हेंब्रम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने महविश रहमान को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कोयला चोरी और अवैध खनन पर लगे रोक : आदित्य साहू

**रांच :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने राज्य में लगातार बढ़ रहे अवैध खनन और कोयला चोरी के मामलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी० किशन रेड्डी को पत्र लिखकर प्रभावी और ठोस कार्रवाई की मांग की है। श्री साहू ने अपने पत्र में बीसीसीएल क्षेत्र में संगठित रूप से संचालित अवैध खनन और कोयला तस्करी की घटनाओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री हफीजुल कुरैशी द्वारा सीआईएसएफ के सहयोग से इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा था, लेकिन वरीय पुलिस पदाधिकारीयों की उदासीनता और निष्क्रियता के कारण इस मुहिम को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस प्रशासनिक सहयोग के अभाव में बीसीसीएल प्रबंधन को न्याय पाने के लिए माननीय उच्च न्यायालय, रांची की शरण लेनी पड़ी। अत्यंत चिंताजनक बात यह है कि याचिका दायर होने के कुछ ही समय बाद संबंधित अधिकारी का स्थानांतरण कर दिया गया, जिससे चल रही न्यायिक प्रक्रिया और जांच प्रभावित होने की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है। उन्होंने इस घटनाक्रम को प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण बताते हुए मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को हतोत्साहित करना भ्रष्ट तत्वों को अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण देने के समान है। भाजपा ने महागठबंधन राज्य सरकार में स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका पर कड़ा प्रहार करते हुए केंद्र सरकार से इस प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप करने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

## अभियान निदेशक ने 24 प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने मंगलवार को स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित 24 प्रशिक्षण सह प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नामकुम स्थित एनएचएम कार्यालय से निकलकर ये वाहन अपने-अपने गंतव्य जिलों की ओर प्रस्थान कर गए। प्रचार वाहन के माध्यम से राज्य के सुदूर गांवों तक आम जनों को स्वास्थ्य योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर अभियान निदेशक ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नई पहल है। जिसके द्वारा हम एक साथ इन प्रचार वाहन के माध्यम से सभी 24 जिलों में स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं आम जनता को जानकारी पहुंचाने में सफल होंगे। यह गाड़ी प्रत्येक दिन अपने-अपने जिले के 4 प्रखंड में प्रशिक्षण में भाग लेगी जो गाड़ी के ब्रांडिंग से संबंधित होगी। कुल 48 दिनों में 192 प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित की जाएगी। इस प्रशिक्षण में सहिया, सीएचओ और एएनएम भाग लेंगे। कुल 3900 लोगों को स्वास्थ्य के 24 विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड की एक नई पहल है। प्रचार वाहन में मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य, यक्ष्मा नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, मलेरिया, रक्त विकार, डायलिसिस, तंबाकू नियंत्रण, रेबीज नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग, पीसीपीएनडीटी, आईडीएसपी, सीपीएचसी-आम, पोषण, नियमित प्रतिरक्षण, अंधापन नियंत्रण, बहरापन नियंत्रण, आयुष, सर्पदंश प्रबंधन, एनपीसीडीसीएस से संबंधित प्रशिक्षण सामग्री से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध करायी गई है। सभी वाहन का 24 अलग-अलग विषयों पर ब्रांडिंग किया गया है। सभी गाड़ी जीपीएस से लैस हैं। सभी गाड़ियों द्वारा माइकिंग के माध्यम से गाँव-गाँव में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी।

### दखल-दिहानी की कार्रवाई को लेकर सुखदेव नगर में बवाल

# खादगढ़ा मंडी व मिलन चौक के पास सड़क जाम



**संवाददाता**

**रांची:** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में दखल-दिहानी (अतिक्रमण हटाने) की कार्रवाई को लेकर बुधवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। खादगढ़ा सभी मंडी और मिलन चौक के पास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और विरोध जताते हुए मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। अचानक हुए सड़क जाम से इलाके में यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पुलिस-प्रशासन की टीम रातु कब्रिस्तान के समीप दखल-दिहानी की कार्रवाई के लिए पहुंची थी। प्रशासन का कहना है कि उक्त जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि, इस दौरान स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया और अपनी आपत्ति दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से संबंधित लोगों को 24 घंटे के भीतर जमीन खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को पुनः प्रशासनिक कार्रवाई प्रस्तावित है। इसी आशंका को लेकर इलाके में तनाव की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से उक्त स्थान पर रह रहे हैं और अचानक कार्रवाई से उनका आशियाना उजड़ जाएगा। वहीं प्रशासन का पक्ष है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना आवश्यक है और विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन की ओर से लोगों से शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई है। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और आगे की कार्रवाई को लेकर लोगों की नजर प्रशासन के कदमों पर टिकी हुई है।

## झारखण्ड मुस्लिम युवा मंच चुनाव में उतारेगा अपने समर्थित उम्मीदवार



**संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड मुस्लिम युवा मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आज राँची में संपन्न हुई, जिसमें राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के बाद मंच ने स्पष्ट किया कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में धर्मनिरपेक्ष मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम समुदाय के बीच भारी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**गठबंधन की नीति पर सवाल :** मंच ने कड़े शब्दों में कहा कि राज्य में झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार होने के बावजूद, मेयर पद के लिए इन पार्टियों ने अपने अलग-अलग प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। यह स्थिति दशार्ती है कि गठबंधन के बीच समन्वय का अभाव है। खटट का आकलन है कि इस बिखराव के कारण इन पार्टियों ने अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया है।

**जनता के बीच बढ़ता असमंजस :** प्रेस को संबोधित करते हुए मंच के प्रतिनिधियों ने कहा, मुस्लिम समुदाय और सेकुलर विचारधारा रखने वाले लोग, जो भाजपा की नीतियों के विरुद्ध मतदान करते हैं, आज इस दुविधा में हैं कि किसे वोट दें। वोट बैंक का यह बंटवारा सीधे तौर पर भाजपा को फायदा पहुँचाएगा।

**खटट का संकल्प और आगामी घोषणा :** जनता के इसी भ्रम को दूर करने और समुदाय के हितों की रक्षा के लिए झारखण्ड मुस्लिम युवा मंच (खटट) ने निम्नलिखित बड़े निर्णय लिए हैं:

**अपना समर्थन:** मंच जल्द ही मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षदों के लिए अपने समर्थित उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करेगा।

**डिप्टी मेयर पद:** मंच ने संकल्प लिया है कि डिप्टी मेयर पद के लिए किसी सशक्त मुस्लिम प्रत्याशी के नाम को सामने लाया जाएगा और उसे पूर्ण समर्थन दिया जाएगा।

**मुख्य उद्देश्य:** बुनियादी समस्याओं का समाधान, युवाओं के रोजगार का अधिकार और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना।

**हमारा नारा:** हर वर्ग की आवाज, हर समस्या का समाधानर

झारखण्ड मुस्लिम युवा मंच का मानना है कि अब 'लड़ाई आर-पार की होगी' ताकि धर्मनिरपेक्ष वोटों के बिखराव को रोका जा सके और स्थानीय सरकार में समाज के हर तबके की उचित भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## समय रहते दवा का सेवन करके फाइलेरिया बीमारी को रोका जा सकता है : डीडीसी

**संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ के दिशा-निर्देश पर फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर सतत प्रयास किया जा रहा। उनके द्वारा इस अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिस कड़ी में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया द्वारा ने मंगलवार को कांके कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जिला स्तरीय फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया।

यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलेगा। रांची जिले के राहे, सोनहातू, तमाड़ एवं कांके प्रखंड में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, वीबीडी राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, जिला वेक्टर बोर्न नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शाहिद करीम साबरी, कांके प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सीमा प्रकाश, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रधानाध्यापिका अंजलि गांगुली, डॉ अभिषेक पॉल, जोसेफ किरण कुमार एवं पिरामल संस्था की टीम अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने स्वयं फाइलेरिया की दवा का सेवन किया तथा विद्यालय की छात्राओं को दवा खिलाई। इसके बाद सिविल सर्जन एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी दवा का सेवन किया। फाइलेरिया का समय रहते दवा का सेवन करके इस बीमारी को रोका जा सकता है।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन समय रहते दवा का सेवन करके इस बीमारी को रोका जा सकता है। यह बीमारी व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूप से प्रभावित करती है। इसलिए जिले के सभी नागरिक इस दवा का सेवन अवश्य करें।

चार प्रखंडों में कुल 5,57,970 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रांची के 14 प्रखंडों में फाइलेरिया को समाप्त कर दिया गया है। शेष 4 प्रखंडों में वर्तमान में 29 एक्टिव केस मौजूद हैं। इन चार प्रखंडों में कुल 5,57,970 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। दवा वितरण 619 बूथों पर 1,238 दवा प्रदाताओं के माध्यम से किया जाएगा।

जिला वेक्टर बोर्न नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शाहिद करीम साबरी ने बताया कि कुछ लोगों में दवा लेने के बाद हल्के दुष्प्रभाव जैसे सिरदर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार या दस्त दिख सकते हैं। यह प्रतिक्रिया शरीर में मौजूद फाइलेरिया के कीटाणु मरने के कारण हो सकती है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**जागरूकता रथ का शुभारंभ**

उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे अभियान के दौरान लोगों को बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय एवं दवा सेवन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को फाइलेरिया मुक्त झारखंड के निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई उप विकास आयुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं एवं संपूर्ण टीम को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं सहयोग के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## श्री श्याम मंदिर में हुआ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 191 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया । मंदिर के आचार्य ने यजमान सुनील मोदी को अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करवाई। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान आशा मोदी अंकित संकेत ऋषभ हर्ष प्रणव आदि भक्त उपस्थित थे।

वहीं श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि 20 से लेकर 28 फरवरी तक फागुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, इसे लेकर तैयारी की जा रही है। यह जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

## बीएयू में दीक्षारम्भ कार्यक्रम शुरू

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत रांची कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति डॉ. एससी दुबे ने कहा क लक्ष्य निर्धारण, समर्पित प्रयास, मानवीय मूल्य एवं नैतिकता पर बल देते हुए षष्ठम डीन समिति की अनुशंसा पर प्रारंभ किये गये इंडक्शनझ्रकमझ्रफाउंडेशन कोर्स के उद्देश्य एवं महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, ध्येय के प्रति समर्पण और बेहतर संचार कौशल जीवन के किसी भी क्षेत्र में बढ़ाने के लिए उपयोगी है। अधिष्ठाता डॉ. डी. के. शाही ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कृषि अनुसंधान, नवाचार एवं व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत सम्बोधन डॉ. नीतू कुमारी, सहायक प्राध्यापक, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमनदीप रंजन ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान के 90 वर्ष पूर्ण होने पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र, चौधरी बगान (हरमू रोड) के तत्वावधान में शिव अवतरण एवं संस्थान की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डोरंडा स्थित रुकमणि अपार्टमेंट, छप्पन सेट में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी निर्मला बहन ने कहा कि यह 90वीं शिवरात्रि सृष्टि परिवर्तन का विशेष संकेत है और आत्मिक जागरण का समय है।

सभा में संजय समर ने मनोयोग द्वारा ईश्वर से जुड़कर दिव्य गुणों के विकास पर बल दिया, वहीं बीके विजय ने राजयोग को समाज की विकृतियों के शुद्धिकरण का माध्यम बताया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में सहज राजयोग का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रतिदिन उपलब्ध है।

## लोक भवन उद्यान का 10,848 लोगों ने किया भ्रमण


**रांची :** राज्यपाल के निर्देश पर आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन के लिए खोले गए लोक भवन स्थित उद्यान में मंगलवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उद्यान का भ्रमण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कुल 10,848 नागरिकों ने लोक भवन उद्यान का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल द्वारा लोक भवन उद्यान को आम नागरिकों के लिए 15 फरवरी तक खुला रखने का निर्देश दिया गया है। उद्यान भ्रमण का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## अजीम प्रेमजी विवि में पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू

**रांची:** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अपने रांची सहित बेंगलूरु और भोपाल कैंपस में संचालित विभिन्न पीजी (एम.ए.) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी अंतिम तिथि 22 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। रांची कैंपस में अप्लाइड इकॉनॉमिक्स और डेवलपमेंट जैसे विषयों में अध्ययन की विशेष सुविधा उपलब्ध है, जहाँ अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बहुविषयी पढ़ाई, कक्षा शिक्षण के साथ फील्ड वर्क और प्रोजेक्ट आधारित सीखने पर जोर दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों की व्यावहारिक समझ विकसित करने में मदद मिलती है; साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य कैंपसों में भी पीजी स्तर पर प्रवेश जारी है, जिससे विभिन्न राज्यों के स्नातक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध, शिक्षा, विकास कार्य, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और जलवायु से जुड़े क्षेत्रों में करियर बनाने का अवसर प्राप्त हो सके।

### पूर्व क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल टूनार्मेंट

# रांची विश्वविद्यालय ने केआईएसएस विश्वविद्यालय को 3-0 से हराया



**संवाददाता**

**रांची :** विद्यासागर विश्वविद्यालय, मिदनापुर में आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला फुटबॉल टूनार्मेंट 2025-26 के मुकाबले में रांची विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केआईएसएस विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित किया।

मैच की शुरूआत से ही रांची विश्वविद्यालय की टीम आक्रामक नजर आई। खिलाड़ियों के बेहतर तालमेल और तेज आक्रमण का असर पहले हाफ में ही दिखा, जब रांची की टीम ने बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भी रांची विश्वविद्यालय ने दबाव बनाए रखा और दो और गोल दागकर मुकाबले को पूरी तरह अपने पक्ष में कर लिया।

केआईएसएस विश्वविद्यालय की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रांची विश्वविद्यालय की मजबूत डिफेंस और सटीक पासिंग के आगे वे कोई गोल नहीं कर सकीं। निर्णायक सीटी बजते ही रांची विश्वविद्यालय की जीत 3-0 से सुनिश्चित हो गई।

इस जीत के साथ रांची विश्वविद्यालय ने टूनार्मेंट में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है और आगामी मुकाबलों के लिए टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
सैनिक कल्याण निदेशालय
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में
एक लेखापाल के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना

झारखण्ड राज्य के इच्छुक पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक लेखापाल के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र 20 फरवरी 2026 पाँच बजे अपराहन् तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा हाथोहाथ जवान भवन कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(सहायक निदेशक)
सैनिक कल्याण निदेशालय डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची

स्थान : राँची
दिनांक : 09 फरवरी 2026

PR 372733 Home(25-26)D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## विसंगतियों का आईना दिखाती लघुकथाएं

रॉन्ग नंबर लघुकथा-संग्रह की लघुकथाएं बिना किसी शिल्प या भाषाई चमत्कार के, सरल भाषा में सहज अनुभूति तथा समाज के यथार्थ का आईना दिखाती प्रतीत होती हैं।

भाषा की पकड़ह्न में, बिना एक-दूसरे की भाषा जाने कैसे अर्थ का अनर्थ हो जाता है, यही बताया गया है। मालकिन के कहने पर– कपड़े बाहर स्टील के स्टैंड पर डाल दो। मेड उस पर रखकर चली गई। कपड़े सुखाए क्यों नहीं? पूछने पर कहने लगी– तुम डारे को बोली रही, पसारे को नहीं बोली रही।बिकाऊ कोख में बच्चों की भूख मिटाने के लिए अपनी कोख के बच्चे को बेचना एक गरीब मां की विडंबना ही कही जाएगी। किन्नर का नजरिया में लड़के की मां की पीड़ा तथा व्याकुलता देखकर किन्नर के उस्ताद का कहना– बहन, अगर आप इसे पढ़ा-लिखा कर अच्छा इंसान बनाएंगी तो अपने पास रख लो। मैं भी यही चाहता हूं कि हम लोग भी समाज में सिर ऊंचा करके जी सकें और हममें और आपमें अंतर को पाट सकें। आत्मकथात्मक शैली में लिखी एक ही मंज़िल लघुकथा में लेखिका का यह वाक्य–क्या फर्क पड़ता है, मैं किस रास्ते से चली जाऊं, बस मंज़िल तक पहुंच जाऊं... सर्वधर्म-भावना की सीख देता है।दिल का रोगी तथा अजूबा लघुकथाएं हास्य-पुट लिए हैं। लघुकथा एक गंभीर विधा है; हास्य के लिए इसमें कोई गुंजाइश नहीं–यह हमें समझना होगा। कुत्ते की जूण मानवीय संवेदना को झिंझोड़ने वाली तथा विसंगति पर प्रहार करने वाली लघुकथा है, जिसमें घर के नौकर शिब्बू से अधिक कुत्ते को लाड़-दुलार मिलता है और उसे डांट-फटकार। कुत्ते के मर जाने पर जब उसके हिस्से की ब्रेड उसे मिली तो उसे लगा कि सच में उसे कुत्ते की जूण मिल गई है और वह खुशी से गेट पर जाकर भौं-भौं करने लगा। ओटीपी तथा खेल-खेल में सचेत करती लघुकथाएं हैं। रॉन्ग नंबर आजकल की लड़कियों की उच्छृंखलता तथा भारतीय संस्कृति के विपरीत आचरण को दशार्ती रचना है। समग्रतः ये लघुकथाएं एक-से-बढ़कर-एक समसामयिक विषय लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, किंतु ये केवल जस-की-तस घटनाओं या अनुभूतियों की अभिव्यक्तियां मात्र हैं। इन्हें लघुकथा में ढालने के लिए जिस कलात्मकता तथा व्यंजनात्मक भाषा की दरकार रहती है, उसका अभाव नजर आता है।

## दिल्ली के लापता लोग

पिछले दिनों इस खबर ने दिल्ली और देश के लोगों को चौंकाया कि इस साल जनवरी माह में ही देश की राजधानी में 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है। अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है।

दरअसल, एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थात्‌ हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन और ऐप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया। दलील है कि कई जटिल मामलों में तलाश का काम एक साल तक पूरा नहीं हो पाता। अन्य राज्यों में उनकी तलाश में समय लगता है। फिर भी पुलिस का दावा है कि दिल्ली के लापता लोगों की संख्या का आंकड़ा दुनिया के कई विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है।

# संसद सत्र: संविधान का अपमान कौन कर रहा है

**यद्यपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दशार्ता है।**

**मृत्युंजय दीक्षित**

वर्ष 2026 का बजट सत्र हल्ले-गुल्ले और अराजकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। यहाँ बजट के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों को उठाए जाने का प्रयास हो रहा है। स्थितियां इतनी विकट हैं कि संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में उत्तर नहीं दे सके और राष्ट्रपति का अभिभाषण बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दशार्ता है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख करते हुए कथित चीनी घुसपैठ का मुद्दा उछालने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियमों के अंतर्गत व्यवस्था दिए जाने के बाद भी राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े रहे। यह एक आश्चर्यजनक व्यवहार है कि नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के स्थान पर पुराने मुद्दे उठाए और उनको भी आपत्तिजनक रूप से रखकर देश की सेना और सदन का अपमान करें। लोकसभा में कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन की महिला सांसदों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का रास्ता रोकने की योजना बनायी और लोकसभा अध्यक्ष को प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध करना पड़ा, वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना ये है कि यही लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बातें करते हैं।

राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग न लेकर विपक्षी दलों ने न केवल राष्ट्रपति पद का अपमान किया है अपितु एक गरीब परिवार से निकल कर आई आदिवासी महिला का भी अपमान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने पर भी राहुल गांधी को घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है । कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं, किसी और को तो गद्दार नहीं कहा, ये सिख हैं इसलिए कहा, ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा में चेयर पर कागज फेकें गए जब असम के सदस्य चेयर की कुर्सी पर विराजमान थे- क्या यह असम का अपमान नहीं? जब आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य चेयर की कुर्सी पर बैठे थे तब उन पर भी कागज फेंके गए क्या यह एक दलित बेटे और संविधान का अपमान नहीं है ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है ? हमने जम्मू -कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए? प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौ-सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नार्थ ईस्ट में बम-बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है कि कांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को ये सहन नही हो रहा हे कि जो समस्याएं उसने 60 सालो में पाल-पोस कर बड़ी की थीं मोदी उनका एक- एक कर-के समाधान क्यों कर रहा है? कांग्रेस को ये सब पसंद नहीं आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपियन यूनियन और फिर अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते हुए उनके विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और समझौते कर रही है। कांग्रेस को भी यह अवसर मिला था, उन्होंने यह क्यों नही कर दिखाया?

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से कांग्रेस,लेफ्ट व डीएमके सहित टीएमसी पर भी तीखा हमला बोला और उन्होंने बंगाल की टीएमसी सरकार को देश की सबसे निर्मम बताते हुए कहा कि यह लोग अपने अंदर नहीं झाकते अपितु हमको यहां बैठकर उपदेश देते हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर के भाषण का संज्ञान लेते हुए वैचारिक सहिष्णुता की चर्चा की, ज्ञातव्य है कि सदानंद मास्टर के दोनों पैर वामपंथी विचारधारा के लोगों ने निर्ममता से केवल उनकी विचारधारा अलग होने के कारण काट दिए थे।

संसद के वर्तमान सत्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने जो रवैया अपनाया है उसने देश के वास्तविक मुद्दों को उठाने का एक सुनहरा अवसर खो दिया है। प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा को घेरने के बजाय उन्होंने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को ही अपने ऊपर आक्रमण करने का अवसर दे दिया है। भाजपा अब सिख व दलित सांसदों के अपमान का राजनैतिक लाभ उठाने का पूरा प्रयास करेगी। भाजपा चुनाव वाले राज्यों में विरोधी दलों के संसदीय आचरण को भी मुद्दा बनाएगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# ओटीटी की भाषा, हिन्दी और हम

**बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार ग्राउंड जीरो और एक्सक्लूसिव जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं।**

**डा. अवधेश कुमार यादव**

चण्डीगढ़ के गुप्ता जी रविवार के दिन मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी वेब सीरीज देख रहे थे। उनका पांच साल का बेटा मोबाइल गेम में व्यस्त था। तभी टेलीविजन स्क्रीन पर पात्र अचानक से एक-दूसरे को जोर-जोर से गालियां देने लगे, जिसे देखकर उनका बेटा भी जोर-जोर से दोहराने लगा। गुप्ता जी रिमोट से सीरीज बंद कर देते हैं और मन ही मन सोचते हैं कि यह क्या हो रहा है? बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार ह्यग्राउंड जीरोह्न और ह्यएक्सक्लूसिवह्न जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं। ओटीटी ने ह्यरियलिज्मह्न के नाम पर अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं।

एक समय था जब हिंदी भाषा की शुद्धता, व्याकरण और वर्तनी का सबसे बड़ा शिक्षक अखबार हुआ करता था। 19वीं सदी के अंत से लेकर 20वीं सदी के अधिकांश भाग तक अखबार घर-घर में भाषा सिखाते थे। लोग संपादकीय, लेख और समाचार पढ़कर नए शब्द सीखते, मुहावरे समझते और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते। हिंदी की लयबद्धता, संस्कृतनिष्ठ शब्दावली और उर्दू की मिठास का सुंदर संयोजन अखबारों की भाषा में झलकता था। वह दौर था जब भाषा को सम्मान दिया जाता था और उसे सँवारने का सतत प्रयास होता था। फिर, टेलीविजन का दौर आया। 1980-90 के दशक में दूरदर्शन पर सरकारी नियंत्रण के कारण भाषा काफी हद तक शुद्ध बनी रही, लेकिन निजी न्यूज चैनलों के उदय के साथ सब कुछ बदल गया। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ने नई पीढ़ी को हिंदी से दूर कर दिया। स्कूलों में अंग्रेजी को प्रधानता मिली, हिंदी को माध्यमिक भाषा का दर्जा दिया जाने लगा। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े-लिखे युवा जब हिंदी न्यूज चैनलों में पत्रकार बने, तो उन्होंने हिंदी में अंग्रेजी के शब्दों को जबरदस्ती घुसेड़ना शुरू कर दिया। ब्रेकिंग न्यूज, ग्राउंड जीरो, एक्सक्लूसिव, स्पॉटलाइट, सोर्सेज के मुताबिक, डेवलपमेंट्स हो रही है जैसे वाक्य आम हो गए। ब्रेकिंग न्यूज की होड़ में अनुवाद की जल्दबाजी ने व्याकरण और शुद्धता को ताक पर रख दिया। चैनलों पर चीख-चीखकर खबरें पढ़ी जाने लगीं, जिससे भाषा की मयार्दा भी कमजोर पड़ गई।

लेकिन असली तबाही ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म्स के साथ आयी। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी फाइव आदि पर हिंदी वेब सीरीज ने भाषा की सारी पारंपरिक सीमाएं तोड़ दीं। संवाद अब शुद्ध हिंदी में नहीं, बल्कि हिंग्लिश, क्षेत्रीय बोलियों के मिश्रण और सबसे ज्यादा गालियों से भरे होते हैं। मिजार्पुर, सेक्रेड गेम्स, पाताल लोक, कॉलेज रोमांस, हॉस्टल डेज जैसी वेब सीरीज में हर दूसरे वाक्य में अश्लील शब्द सुनाई देते हैं। ये शब्द अब सिर्फ पात्रों की भाषा नहीं रहे, बल्कि युवाओं की रोजमर्रा की जुबान बनते जा रहे हैं। ओटीटी पर अश्लील कंटेंट की बाढ़ से न केवल संस्कृति का सत्यानाश हो रहा है, बल्कि समाज में भाषा की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही है। रियलिज्म और ऑथेंटिसिटी के नाम पर अश्लील सीन और संवाद आम हो गए हैं, लेकिन क्या वास्तविक जीवन में हर व्यक्ति हर वाक्य में गाली देता है? क्या कॉलेज के छात्रों की सामान्य भाषा इतनी गंदी होती है? यह सब युवा पीढ़ी पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल रहा है। बच्चे और किशोर इन शब्दों को सुन-देखकर अपनी भाषा में शामिल कर लेते हैं, जिससे समाज में गाली-गलौज सामान्य लगने लगी है।

2025 में स्थिति और गंभीर हुई तो सरकार ने अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जुलाई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (जिनमें उल्लू, एएलटीटी, बिग शॉट्स, डेसिफ्लिक्स, नियॉनएक्स वीआईपी इत्यादि) को ब्लॉक कर दिया, क्योंकि ये अश्लील, वल्गर और पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित कर रहे थे। यह कार्रवाई आईटी एक्ट, 2000 और 2021 के इंटरमीडियरी गाइडलाइंस के तहत की गई। इससे पहले 2024 में भी 18 प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी ही कार्रवाई हुई थी। कुल मिलाकर, जुलाई 2025 तक 43 प्लेटफॉर्म्स ब्लॉक हो चुके हैं।

सरकार ने 2024 के अंत से ही ओटीटी कंटेंट के लिए नए दिशा-निर्देशों पर काम शुरू किया था, जिसमें प्रोफेनिटी (गाली-गलौज) को बीप करना, अश्लील सीन को ब्लर करना और इंटीमेट सीन के वैकल्पिक चित्रण को बढ़ावा देना शामिल है। हालांकि मुख्यधारा के प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम आदि पर अभी भी सेंसरशिप नहीं है, बल्कि सेल्फ-रेगुलेशन और आईटी रूल्स 2021 के तहत तीन-स्तरीय तंत्र है। दिसंबर 2025 में सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि ओटीटी कंटेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) के दायरे में नहीं आता, बल्कि अलग से आईटी रूल्स के तहत नियंत्रित होता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई मामलों में कहा है कि प्रोफेनिटी अपने आप में ओब्सेनिटी नहीं है (जैसे कॉलेज रोमांस मामले में 2024 का फैसला), लेकिन अश्लीलता और बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। अप्रैल 2025 में कोर्ट ने एक याचिका पर केंद्र, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया को नोटिस जारी किया था।

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि भाषा सिर्फ संवाद का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति और समाज का दर्पण है। जब भाषा में गंदगी आएगी, तो समाज में भी वह फैलेगी। युवा पीढ़ी की जुबान खराब हो रही है। अखबारों ने हिंदी को ऊंचा उठाया, टीवी ने गिराया और ओटीटी ने इसे गटर तक पहुंचा दिया। अब समय आ गया है कि सेन्सरशिप या सख्त रेगुलेशन को जरूरी माना जाए। सरकार को चाहिए कि मुख्यधारा ओटीटी पर भी प्रोफेनिटी फिल्टर, आयु-आधारित सख्त क्लासिफिकेशन और ब्लरिंग जैसे उपाय अनिवार्य करे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा, सांस्कृतिक गरिमा और भाषा की पवित्रता इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है। ओटीटी ने मनोरंजन के नाम पर भाषा और संस्कृति को भारी नुकसान पहुंचाया है। अब हमें तय करना है कि हमारी आने वाली पीढ़ियां अखबारों की शुद्ध हिंदी सीखे या ओटीटी की गालियों से भरी जुबान अपनाए। सेन्सरशिप नहीं तो कम से कम सख्त रेगुलेशन जरूरी है, वरना हिंदी की दुर्गति रुकने का नाम नहीं लेगी।

**(लेखक, राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय के सहायक प्रोफेसर हैं।)**

# जीवन में शिवत्व और पर्यावरणीय चेतना का पर्व

हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि भगवान शिव की उपासना की महारात्रि है। माना जाता है कि इस दिन मनुष्य अपनी आराधना के माध्यम से शिव तत्व से जुड़ने, आत्मशुद्धि और चेतना की चरम अवस्था तक पहुंच सकता है। इसलिए शिव भक्तों के बीच महाशिवरात्रि का अत्यधिक महत्व है। महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि भारतीय सभ्यता की उस गहरी परंपरा का उत्सव है, जहां मनुष्य अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर प्रकाश की ओर बढ़ता है।

### शिव साधना की रात्रि

महाशिवरात्रि शिव साधना की महारात्रि है। शिव केवल संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और पुनर्जन्म के भी देवता हैं। महाशिवरात्रि को शिव और शक्ति का मिलन होता है, इसलिए इसे चेतना और ऊर्जा के समन्वय की रात्रि भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष का पान करके सृष्टि की रक्षा की थी। इस दिन के साथ यह मान्यता भी जुड़ी हुई है कि इसी रात्रि को शिवलिंग के रूप में ब्रह्मांडीय चेतना का अविर्भाव हुआ था। शिवरात्रि को ही माना जाता है कि भगवान शिव और पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ था। इसलिए शिव भक्तों के लिए महाशिवरात्रि का अत्यधिक महत्व है। इस रात्रि को शिव भक्त रात्रि जागरण करके शिव की आराधना करते हैं, ताकि जीवन में विषाद, अहंकार और अज्ञान का नाश हो सके।

### लोक आस्था का संगम

महाशिवरात्रि भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को एक सूत्र में बांधने वाला पर्व है। इस दिन ग्रामीण भारत में लोग भजन-कीर्तन करते हैं और लोक नाट्य आयोजित होते हैं। शहरों में बड़े-बड़े शिव मंदिरों में विभिन्न तरह की सजावट की जाती है और संगीत संध्या जैसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं। देश के कुछ प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों जैसे-काशी, उज्जैन, हरिद्वार और सोमनाथ जैसे तीर्थस्थलों में लाखों श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करने के लिए उमड़ते हैं। इस दिन लोग तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिसमें संगीत, नृत्य, शिल्पकला आदि के कार्यक्रम होते हैं। वास्तव में महाशिवरात्रि का एक सामाजिक संदेश है कि साधारण जीवन और सीमित इच्छाएं ही आत्मसंयम की शक्ति हैं। महाशिवरात्रि की प्रमुख विशेषता यह है कि इस दिन रात्रि जागरण और चार बार पूजा की जाती है। हर पूजा अलग-अलग होती है। रात्रि के पहले प्रहर में जलाभिषेक होता है, दूसरे प्रहर में शिवलिंग का दूध से अभिषेक होता है, तीसरे प्रहर में घी से अभिषेक किया जाता है, और चौथे प्रहर में शहद, पंचामृत और बेलपत्र से अभिषेक किया जाता है। साथ में ह्यॐ नमः शिवायह्न का मंत्र जाप और महामृत्युञ्जय पाठ भी किया जाता है। इस रात्रि शिव चालीसा और रुद्राक्ष का पाठ भी किया जाता है।

### व्रत के नियम

महाशिवरात्रि का व्रत कठोर तपस्या का प्रतीक माना जाता है। अतः प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करके दिनभर फलाहार या निर्जला उपवास रखा जाता है।

## टिप्स

### ताउम्र खूबसूरती के मंत्र की तलाश

क्या इंसानी खूबसूरती का कोई स्थायी और सार्वभौमिक फार्मूला हो सकता है? 19वीं शताब्दी से ही विज्ञान इस सवाल का जवाब ढूंढ़ रहा है। यह सवाल आज केवल दर्शन या सौंदर्यशास्त्र का सवाल नहीं है बल्कि खूबसूरती का रहस्य और उसकी खोज अब विज्ञान भी अपने स्तर पर न सिर्फ कर रहा है बल्कि इस सवाल के कई हिस्सों की खोज कर भी चुका है। आधुनिक विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, जेनेटिक्स और कॉस्मेटिक मेडिसिन का अब लगभग यह केंद्रीय विषय बन चुका है कि दुनियाभर के इंसानों के लिए एक सार्वभौमिक खूबसूरती का पैमाना क्या हो? दरअसल इंसान सदियों से सुंदर होने के उपाय खोजता रहा है। कभी प्राकृतिक नुस्खों से, कभी शल्य चिकित्सा से, कभी जीन एडिटिंग से, तो कभी एआई आधारित तकनीकों से। विशेषकर जब से एनाटॉमी और डर्मटलॉजी का व्यवस्थित विकास हुआ तभी से वैज्ञानिक इंसान की स्थायी खूबसूरती का समाधान खोज रहे हैं। मसलन –त्वचा की संरचना का विज्ञान क्या है और इसे हमेशा जवान कैसे बनाये रखा जा सकता है? उम्र बढ़ने की प्रक्रिया क्या है और इसे कैसे रोका जा सकता है? हार्मोन और सौंदर्य के बीच क्या संबंध हैं, क्या हार्मोन में ही इंसानी सौंदर्य का रहस्य छिपा है? दरअसल 20वीं सदी के मध्य में प्लास्टिक सर्जरी का विकास होकर वह एक स्वतंत्र चिकित्सा शाखा बनी। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद घायल सैनिकों के संदर्भ में विशेषकर चेहरे और शरीर की बनावट तकनीकों पर लगातार शोध हुआ और यह उन्नत हुई, जिसके बाद कॉस्मेटिक सर्जरी लगभग चमत्कार की तरह सामने आयी। इस दौर में अनेक जैविक शोधों से यह स्पष्ट हुआ कि त्वचा का रंग, बालों की बनावट, चेहरे की आकृति और झुर्रियां – इन सबका बड़ा हिस्सा जीन द्वारा नियंत्रित होता है। अतः जीन नियंत्रण का विज्ञान समझ लिया जाए तो एक तरह से खूबसूरती पर नियंत्रण संभव है। साल 2003 में ह्यूमन जेनोम प्रोजेक्ट लांच होना बड़ी बदलावकारी घटना थी। इससे यह समझ में आया कि मानव शरीर में मौजूद हजारों जीन, हमारे शरीर की अलग-अलग संरचनाओं और गुणों के लिए जिम्मेदार हैं। इस शोध से पता चला कि त्वचा की मोटाई का कारण क्या है?

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह रोका जा सकता है : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज:**जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का जिला स्तरीय उद्घाटन हाई स्कूल नगरपालिका कन्या विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती और सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह रोके जा सकने वाला रोग है। समय पर और सही तरीके से दवा सेवन कर जिले को इस बीमारी से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने एमडीए कार्यक्रम की सफलता के लिए सामूहिक जागरूकता, जनसहभागिता एवं स्वास्थ्य विभाग तथा समुदाय के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया।एमडीए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सामुदायिक स्तर पर डायइथाइलकाबार्माजीन वं एल्बेंडाजोल दवाओं का वितरण सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवाओं का वितरण करेंगे, ताकि सभी पात्र व्यक्तियों तक दवा पहुँचे और वे इसका सेवन सुनिश्चित करें।कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए दवा सेवन अनिवार्य है। गर्भवती महिलाएँ, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एवं 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अ्उ दवा नहीं दी जाएगी। वहीं 1 से 2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी।अंत में सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने परिवार के प्रत्येक पात्र सदस्य को दवा सेवन अवश्य कराएँ, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।



## मतदान प्रक्रिया में सजगता निष्पक्षता और पारदर्शिता जरूरी : हेमंत सती

**साहिबगंज:**नगर निकाय आम निर्वाचन के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री हेमंत सती ने आज उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुलिस लाईन परिसर में आयोजित मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बैलेट पेपर से मतदान कराने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की।उपायुक्त श्री सती ने उपस्थित मतदान पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में सजगता निष्पक्षता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को मतदान के दिन पूर्ण निष्ठा के साथ लागू करें।प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 276 मतदान पदाधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया, बैलेट पेपर के उपयोग, मतदाता पहचान और मतदान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री झुझू कुमार मिश्रा,अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यशाला



**साहिबगंज:**राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर मॉडल कॉलेज राजमहल के सेमिनार सभागार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोगह्व विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रणजीत कुमार सिंह ने की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है।जिसका उद्देश्य विशेष रूप से छात्र-छात्राओं और युवाओं को ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर जागरूकता और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति सचेत करना है। इस अवसर पर डिजिटल साक्षरता और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया।साथ ही भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। वक्ताओं ने एआई के प्रमुख घटकों–मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और जनरेटिव एआई पर चर्चा करते हुए इसके सुरक्षित एवं नैतिक उपयोग पर बल दिया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. रणजीत कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इंटरनेट और एआई का प्रयोग सोच-समझकर, जिम्मेदारी के साथ करें तथा साइबर सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही डिजिटल युग में सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं एन एस एस स्वयंसेवकोंमीठी कुमारी, सिफा और प्रसेनजीतने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमजान अली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार द्वारा किया गया।कार्यशाला में सभी विभागों के प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी, एन एस एस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं, जिससे कार्यक्रम सफल और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## ट्रक की चपेट में आने से हुई मौत मौके से ट्रक फरार

**साहिबगंज:**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के थाना के महज कुछ ही दूर मुख्य सड़क पर मंगलवार को तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।छोटी कोदरजन्ना पश्चिम टोला निवासी मोहम्मद बिलाल उर्फ विलायत उम्र पिता स्वर्गीय शेख बाबत किसी काम से साहिबगंज बाजार से घर लौट रहा था कि मुफस्सिल थाना के कुछ ही दूरी पर सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही ट्रक में उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने घायल को सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया।अस्पताल में चिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार प्राथमिक की उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।भागलपुर इलाज ले जाने के क्रम में बिलाल के गांव के पास ही घायल वृद्ध की मौत गई।मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में मातम पसर गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन करमटोला से मुफस्सिल थाना मुख्य सड़क पर हाईवा ट्रक तेज रफ्तार से परिचालन होने से स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।घायल की मृत्यु के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तेज रफ्तार ट्रक में पुलिस प्रशासन या जिला परिवहन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती है।

## अयोध्या धाम प्रांगण में पहली बार परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक स्वरूप

**साहिबगंज :** शहर के गर्ल्स हाई स्कूल के समीप अयोध्या धाम प्रांगण में पहली बार परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक कर्तव्यों के यादगार स्वरूप द्वादश ज्योतिर्लिंगम्‌ दर्शन ज्ञान और आत्म जागृति का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसकी जानकारी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय,छोटा पंचगढ़ जिरवाबाड़ी सेवा केंद्र के संचालिका ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने दी।उन्होंने बताया की 13 को द्वादश ज्योतिर्लिंगम्‌ उद्घाटन समारोह दोपहर 3:30 बजे होगा।वही 14 एवं 15 को शहर के सभी श्रद्धालूओं के लिए द्वादश ज्योतिर्लिंगम्‌ दर्शन कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक होगा।सेवा केंद्र के संचालिका बिंदु दीदी ने इस कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने की अपील शहरवासियो से की है।

## छतरपुर में पोस्ते की फसल नष्ट की गई

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के सलैया गांव के पास वन क्षेत्र में अवैध रूप से करीब दो एकड़ जमीन में की गई पोस्ता की खेती को पुलिस ने चिह्नित कर नष्ट किया। मंगलवार को पुलिस बल मौके पर पहुंच कर पोस्ते की फसल को नष्ट की। इस मामले में संबंधित व्यक्तियों की पहचान की जा रही है ताकि अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त लोगों की सूचना पुलिस को देने का अनुरोधक करते हुए कहा कि संबंधित की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# बाबूलाल मराण्डी ने किया बरहरवा नगर का दौरा



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा:**झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी अपने दो दिवसीय संथाल परगना दौरे के क्रम में प्रथम दिन साहिबगंज जिले के बरहरवा नगर पंचायत पहुंचे। उन्होंने नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अर्पिता दास एवं चुनाव प्रबंधक समिति के सदस्यों के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें कर चुनावी रणनीतियों को लेकर चर्चा की,बरहरवा पहुंचने के बाद बाबूलाल मरांडी ने आरबी पैलेस में भाजपा कार्यकताओं व चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने बरहरवा नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अर्पिता दास के पक्ष में चुनावी रणनीति की जानकारी ली और कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बरहरवा नगर पंचायत के सभी 14 वार्डों के कुल 20 मतदान केंद्रों पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना कार्यकताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है.उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरें और अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अर्पिता दास के साथ-साथ भाजपा समर्थित वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करें।इसके उपरांत बाबूलाल मरांडी ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 13 के खेतोरी पाड़ा में जनसंपर्क अभियान चलाया.इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद करते हुए अर्पिता दास के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की. जनसंपर्क के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला.पत्रकारों से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि साहिबगंज जिला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह जिला होने के बावजूद यहां अपराध का ग्राफ पूरे झारखंड में सबसे अधिक है।उन्होंने हाल ही में कल्याणचक में दिनदहाड़े दो वाहन चालकों के बीच हुई चाकूबाजी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह घटना जिले में चरमराई कानून व्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण है.इधर बाबूलाल मरांडी ने बरहरवा मेन रोड स्थित बोहरा गेस्ट हाउस में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अर्पिता दास के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भी किया.इस मौके पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव,निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष श्यामल दास, भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव, नगर पंचायत चुनाव प्रभारी कृपानाथ मंडल उर्फ बम-बम मंडल,नगर अध्यक्ष रविंद्र भगत, सिद्धू कानू के वंशज मंडल मुर्मू, कुसुमाकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे.ज्ञात हो कि नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही सभी प्रत्यासी अपने अपने नगर और वार्डो में जनसम्पर्क अभियान और मतदाताओं से अपने अपने पक्ष में मतदान को लेकर दौरा कर रहे है।जो चुनाव में सियासी टकराव को दिलचस्प बनाने वाली हैं।

## पाकुड़ विधायक ने महाराजपुर पंचायत का किया दौरा ग्रामीणों की समस्याओं से हुई रूबरू



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :**मंगलवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने बरहरवा प्रखंड अंतर्गत महाराजपुर पंचायत के महाराजपुर एवं मोगलपाड़ा ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।भ्रमण के क्रम में विधायक निसात आलम ने ग्रामीणों से पेयजल, सड़क, बिजली,शिक्षा, आवास, मनरेगा, राशन कार्ड एवं पेंशन जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क की जर्जर स्थिति,नाली निर्माण,जलजमाव, पेयजल संकट एवं स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक निसात आलम ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महाराजपुर पंचायत के विकास के लिए सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा और किसी भी योग्य व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर विधायक ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ खड़ी है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं की जानकारी लेने और किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे प्रतिनिधियों से संपर्क करने की अपील की।भ्रमण के दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू मुरसलीम खान,टीपू सुल्तान, अमीरुल इस्लाम,अब्दुल लतीफ,रतन पान,सुब्रत मंडल,मुखिया मनोवर, लालचंद अंसारी,अब्दुल बारीक,गुड्डू मुखिया,मोहम्मद शमीम,नुरुल इस्लाम,सफीक शेख,राकेश यादव,दिलदार आलम,अब्दुल करीम,शारिक रब्बानी,अजीत कुमार रॉय पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने विधायक के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं पर गंभीरता दिखाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## मेदिनीनगर के चार केंद्रों पर होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया चारों मूल्यांकन केंद्र, मेदिनीनगर शहर में ही बनाया गया है। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए दो केंद्र बनाये गए हैं और इंटरमीडिएट के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए दो केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी के अनुसार शहर के गणेश लाल अग्रवाल हाई स्कूल और बीसीसी मिशन बालिका हाई स्कूल केंद्र पर मैट्रिक के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा। राजकीयकृत प्लस-2 गिरिवर हाई स्कूल और ब्राह्मण प्लस-2 हाई स्कूल केंद्र पर इंटरमीडिएट के उत्तर पुस्तिकाओं का कार्य मूल्यांकन कार्य संपादित किए जाएगें।

उन्होंने कहा कि अभी जैक ने अभी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तिथि निर्धारित नहीं की है। कितने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य मेदिनीनगर में संपादित किए जाएगें, इस संबंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। जैक के निर्देश पर चार मूल्यांकन केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। अभी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा संचालित हो रही है। 17 फरवरी तक मैट्रिक व 23 फरवरी तक इंटरमीडिएट की परीक्षा है। इसके बाद ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य होने की संभावना है।

## सड़क दुर्घटना में दो परीक्षार्थी व रिश्तेदार जख्मी

**विश्रामपुर :** पिता के साथ रेहला के संत तुलसीदास कॉलेज में इंटर की परीक्षा देने जा रही दो छात्राएं सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना मंगलवार की दोपहर में हुई। पुलिस घायलों को आम लोगों की मदद से विश्रामपुर सीएचसी में भेजकर इलाज करवाई। ऊंटारी थाने के करकटा गांव के भगवान साव अपनी बेटी खुशबू कुमारी व भगिनी सोनम कुमारी को बाइक पर बैठाकर रेहला में इंटर की परीक्षा दिलवाने जा रहे थे। इसी बीच ऊंटारी-बी मोड़ मेन रोड पर होलंगा गांव के समीप सड़क पार कर रहे एक लंगूर से टकरा कर सड़क पर गिर गए। इंटर की छात्रा खुशबू का हाथ फ्रैक्चर हो गया है जबकि भगवान साव व उनकी भगिनी को काफी चोट लगी है।

## रामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव से अपहृत नाबालिग बरामद

**मेदिनीनगर :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से 5 फरवरी को अपहरण हुए नाबालिग लड़की को मंगलवार को शाहपुर क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है। रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने बताया कि नाबालिक लड़की से पूछताछ की जा रही है। आरोपी अभी भी फरार है जिसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि नाबालिग के परिजनों ने आवेदन के आलोक में लगातार छापेमारी की जा रही थी। इससे दबाव में आरोपी ने नाबालिग लड़की को शाहपुर क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गया है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नाबालिग के परिजनों के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी नूरे आलम ने नाबालिग लड़की को 5 फरवरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया था। इसके बाद परिजनों ने रामगढ़ थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया था।

# नेताओं कार्यकताओं ने स्टीफन मुर्मू को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी



संवाददाता

**साहिबगंज:**बाँझी संथाली पंचायत कमिटी द्वारा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा झामुमो के नव नियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू का भव्य व जोरदार स्वागत किया गया।यह स्वागत कार्यक्रम पंचायत कमिटी के अध्यक्ष पौलूस मुर्मू एवं सचिव पौलूस मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस अवसर पर पंचायत कोषाध्यक्ष बिनोद मुर्मू सहित बाबूलाल हॉसदा,खीस्टा सोरेन,प्रबोध कुमार हॉसदा,प्रधान सल्हाय ,बिजय पहाड़िया,नारायण मुर्मू, सुनील मुर्मू,नाईकी किस्कू एवं शिबू मराण्डी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं कार्यकताओं ने स्टीफन मुर्मू को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा एवं जनहित के कार्यों को गति मिलेगी।स्टीफन मुर्मू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## चार माह से मजदूरी नहीं मिलने से श्रमिक परिवारों पर भुखमरी का संकट

### गढ़वा-पलामू- लातेहार में मजदूरों की तीन दिवसीय हड़ताल, आर-पार की चेतावनी

संवाददाता

**पलामू:** सबका पेट भरने वाले श्रमिक आज खुद भुखमरी के कगार पर खड़े हैं। पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों में कार्यरत मजदूरों को बीते चार माह से उनकी मेहनत की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

मजदूर संघ का आरोप है कि जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की मिलीभगत से मजदूरों की मजदूरी में सेंध लगाई जा रही है और ठेकेदारों के साथ मिलकर राशि का गबन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी और ठेकेदार इस पूरे मामले में बेपरवाह नजर आ रहे हैं।

इस अन्याय के विरोध में गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों में मजदूर बीते तीन दिनों से हड़ताल पर हैं। मजदूरों का कहना है कि अब यह लड़ाई आर-पार की होगी और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

मोटीया मजदूर संघ झारखंड ने स्पष्ट मांग की है कि झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार सभी मजदूरों को अविलंब बकाया भुगतान किया जाए।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

इस संबंध में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने कहा कि मजदूरों के हक की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ी जाएगी और किसी भी कीमत पर शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हाई-ऑक्टेन फॉमूर्ला स्ट्रीट रेस वीकेंड की 15 फरवरी को मेजबानी करेगा गोवा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन रेसिंग फेस्टिवल इस फरवरी अपने पहले गोवा संस्करण के साथ एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। 14 और 15 फरवरी को गोवा एक हाई-ऑक्टेन फॉमूर्ला स्ट्रीट रेस वीकेंड की मेजबानी करेगा, जहां मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक अस्थायी मोटरस्पोर्ट हब में तब्दील हो जाएगा। यह आयोजन चैंपियनशिप के चौथे राउंड के रूप में आयोजित किया जाएगा और इसकी गिनती फेस्टिवल की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी पहलों में होगी।

**विशेष रूप से तैयार एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट सर्किट**

इस ऐतिहासिक आयोजन का केंद्र 2.064 किलोमीटर लंबा,



विशेष रूप से तैयार किया गया एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट सर्किट है। हवाई अड्डे के विशाल परिसर में निर्मित इस ट्रैक में 12 मोड़ शामिल हैं, जिन्हें करीबी रेसिंग, लेट ब्रेकिंग और पोजीशन के लिए निरंतर संघर्ष को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह लेआउट एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और रोमांचक वीकेंड का मंच तैयार करता है।

**इंडियन रेसिंग लीग का चौथा राउंड**

गोवा स्ट्रीट रेस इंडियन रेसिंग लीग (आईआ एल) का चौथा राउंड है। शीर्ष टीमों के बीच अंकों का अंतर बेहद कम होने के कारण, गोवा सर्किट का हर लैप खिताब की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सभी टीमें एक-समान छौं१ खर ऋ४22 कारों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें 1.3-लीटर टर्बोचार्ज्ड अल्पाइन इंजन लगा है। समान तकनीकी प्लेटफॉर्म और तंग स्ट्रीट सर्किट का यह संयोजन व्हील-टू-व्हील रेसिंग सुनिश्चित करता है, जहाँ ड्राइवर की क्षमता और टीम रणनीति रफ्तार से भी अधिक अहम होगी।

इंडियन रेसिंग लीग की एक विशिष्ट पहचान इसकी समावेशी टीम संरचना है। प्रत्येक टीम में चार ड्राइवर होते हैं–एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय रेसर, एक उभरती हुई वैश्विक प्रतिभा, एक भारतीय ड्राइवर और एक महिला रेसर। यह प्रारूप न केवल प्रतिस्पर्धात्मक स्तर को ऊँचा उठाता है, बल्कि भारतीय प्रतिभाओं के विकास और शीर्ष स्तर पर लैंगिक प्रतिनिधित्व को भी बढ़ावा देता है।

**प्रमुख ड्राइवरों पर रहेगी नजर**

हैदराबाद ब्लैक बर्ड्स की ओर से दिव्य नंदन पर विशेष निगाहें होंगी। 2024 ऋ४ इंडिया चैंपियनशिप में चेन्नई स्ट्रीट रेस में पोल पोजीशन हासिल करने और ऋ३ व ब्रिटिश ऋ४ में भाग लेने के अनुभव के साथ, नंदन चुनौतीपूर्ण सर्किटों पर तेजी से ढलने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। चेन्नई टर्बो राइडर्स को मौजूदा फॉमूर्ला 4 इंडिया चैंपियन अकील अलीभाई से बड़ी उम्मीदें होंगी।

किच्चा किंग्स बेंगलुरु के लिए इंडियन रेसिंग लीग इतिहास के सबसे कम उम्र के रेस विजेता रूहान अल्वा पर ध्यान केंद्रित रहेगा। 2024 ऋ४ इंडिया के उप-विजेता और ब्रिटेन में पोडियम फिनिश के साथ, अल्वा को भारत के सबसे होनहार अंतरराष्ट्रीय नियातों में गिना जाता है।

कोलकाता रॉयल टाइगर्स का नेतृत्व कर रहे हैं ब्रिटिश ऋ्ठ चैंपियन और एस्टन मार्टिन एकेडमी के स्नातक टॉम कैनिंग, जिनके साथ जेम्मा मूर ऋ्ठ4 और एंड्योरेंस रेसिंग का समृद्ध अनुभव लेकर आई हैं।

**खेल और सिनेमा जगत की दमदार मौजूदगी**

इस वीकेंड की भव्यता को और बढ़ा रही है खेल और सिनेमा जगत की हाई-प्रोफाइल टीम ओनरशिप।

- ✔ जॉन अब्राहम झ गोवा एसेस जेए रेसिंग
- ✔ अर्जुन कपूर झ स्पीड डेमन्स दिल्ली
- ✔ सौरव गांगुली झ कोलकाता रॉयल टाइगर्स
- ✔ नागा चैतन्य झ हैदराबाद ब्लैक बर्ड्स
- ✔ किच्चा सुदीप झ किच्चा किंग्स बेंगलुरु
- ✔ डॉ. श्वेता सुदीप आनंद झ चेन्नई टर्बो राइडर्स

## क्या 'अमर विश्वास' बन सच्चाई की जंग जीत पाएंगे राजीव खंडेलवाल



बीते कुछ दिनों से अभिनेता राजीव खंडेलवाल अपने सोशल मीडिया पर वकालत से जुड़ी तस्वीरें शेयर कर रहे थे। उनकी पोस्ट देख ये कयास लगाए जा रहे थे कि उन्होंने एक्टिंग छोड़कर वकालत शुरु कर दी है। लेकिन अब एक्टर ने सारी कन्फ्यूजन क्लियर कर दी है। उनके द्वारा शेयर की गई पोस्ट उनकी आगामी वेब सीरीज 'अमर विश्वास' से जुड़ी हुई थी। 'अमर विश्वास' लेखक सुहास शिर्वालकर के उपन्यासों पर आधारित है। कहानी एक मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। जिसे शुरु में ही 'ओपन एंड शट' घोषित कर दिया जाता है। लेकिन फिर बाद में इसकी परतें खुलती हैं। ट्रेलर की शुरुआत जाने-माने फिल्म निर्माता जेस्सू मोमिन के मर्डर से होती है। शक बहार चक्रवर्ती नाम की एक लड़की पर जाता है, जिसे शुरुआत में अपराधी माना जाता है। इस बीच अमर विश्वास के कैरेक्टर में राजीव खंडेलवाल आते हैं। एक अनोखे और तेज दिमाग वाले वकील। जो जानते हैं कि सच हमेशा उतना सरल नहीं होता जितना दिखता है। जब अमर बहार की ओर से केस लड़ते हैं, तो वे धीरे-धीरे कई राज खोलने लगते हैं।

### ट्रेलर सिर्फ सीरीज की एक झलक

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में राजीव खंडेलवाल ने अपने रोल के बारे में बताते हुए कहा, 'अमर विश्वास कोई पारंपरिक कोर्टरूम हीरो नहीं है। वह इंसानियत से भरा, भावनात्मक और न्याय के लिए हमेशा खड़ा रहने वाला है। मुझे यह रोल इसलिए पसंद आया क्योंकि यह पूरी सीरीज में मोरल टेंशन में रहता है। हर सच पर नई कीमत चुकानी पड़ती है। ट्रेलर सिर्फ इस सफर की एक झलक दिखाता है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'अमर विश्वास' का निर्माण अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी. निशंदर ने किया है। सीरीज में राजीव खंडेलवाल के अलावा आमिर अली, रवि बेहल और बर्खा बिष्ट भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। यह सीरीज 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट से विवेक ओबेरॉय को मिली पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा



, बिना इजाजत फोटो के इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई

बॉलीवुड सेलेब्स इन दिनों पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख कर रहे हैं। सलमान खान, अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, रजनीकांत, अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और जैकी श्रॉफ समेत कई स्टार्स को कोर्ट से पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा मिल चुकी है। अब इस कड़ी में अभिनेता विवेक ओबरॉय का नाम भी शामिल हो चुका है। कोर्ट ने अपने नए आदेश में साफ कर दिया है कि अभिनेता की बिना परमिशन के उनसे जुड़ी किसी भी सामग्री का इस्तेमाल अपराध होगा। अभिनेता का कोर्ट में पक्ष रख रही अधिवक्ता सना रईस खान ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने विवेक आनंद ओबेरॉय के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए एक निर्णायक आदेश जारी किया है, जिससे उनके नाम, छवि और आवाज की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। न्यायालय ने उल्लंघनकारी सामग्री को तत्काल हटाने का आदेश दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य में उल्लंघन करने वाले लोग कानून से बच नहीं पाएंगे। अधिवक्ता सना रईस खान के मुताबिक सिनेमा और उद्यम जगत के एक अग्रणी व्यक्ति और दो दशकों से समाज के लिए काम कर रहे ओबेरॉय को जान-बूझकर निशाना बनाया गया है। यह सिर्फ कानूनी उल्लंघन नहीं है, बल्कि उनके निजी जीवन और परिवार पर हमला है। इससे उनके परिवार और छोटे बच्चों पर गलत असर भी पड़ेगा। अभिनेता की कानूनी जीत एक सशक्त मिसाल कायम करती है कि किसी व्यक्ति का वंश सार्वजनिक संपत्ति नहीं है। क्लिकबेट या लाभ पाने के लिए उनके व्यक्तित्व के साथ किया गया खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों को कानूनी तौर पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। अभिनेता की तरफ से दायर शिकायत में जिक्र किया गया कि कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनियां और डिजिटल टेक्नोलॉजी मिलकर बिना इजाजत के उनके फोटो, वीडियो, आवाज और ब्रॉडिंग के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रही हैं।

## सेरेना विलियम्स 22 फरवरी से टेनिस में वापसी के लिए पात्र, कमबैक पर सस्पेंस बरकरार



**न्यूयॉर्क :** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को खेल की ड्रग-टेस्टिंग संस्था इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने 22 फरवरी से दोबारा टेनिस खेलने के लिए पात्र सूचीबद्ध किया है। हालांकि, 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन महिला टूर में वापसी करेंगी या नहीं, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। 44 वर्षीय सेरेना ने पिछले साल के अंत में टेनिस एंटी-डोपिंग टेस्टिंग पूल में दोबारा शामिल होकर अटकलों को हवा दी थी। हालांकि, उस समय उन्होंने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि इसका मतलब खेल में वापसी की तैयारी नहीं है। सेरेना ने करीब दो दशकों तक महिला टेनिस पर अपना दबदबा कायम रखा। पिछले महीने एनबीसी के लोकप्रिय शो ह्यटुडेह्न में उपस्थिति के दौरान जब उनसे संभावित वापसी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने सीधे जवाब देने से परहेज किया, जिससे चचाएं एक बार फिर तेज हो गईं।

## किंग के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे शाहरुख खान?

**नए प्रोजेक्ट पर फराह खान से जारी है बातचीत**

शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही फराह खान के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं। खबर यह भी है कि फराह खान 'मैं हूं ना 2' की स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। पिंकविला के मुताबिक 'किंग' के बाद शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म 'मैं हूं ना 2' हो सकती है। फिल्म को लेकर शाहरुख और फराह के बीच बात चल रही है।

### शाहरुख के होंगे डबल रोल

अगर यह खबर सही है तो दो दशकों के बाद 'मैं हूं ना' का सीक्वल 'मैं हूं ना 2' बनेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फराह खान ने शाहरुख खान के लिए डबल-रोल तय किया है। फिल्म में शाहरुख खान दो अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे।

### कैसी होगी फिल्म की कहानी?

बताया जाता है कि 'मैं हूं ना 2' देशभक्ति से भरपूर होगी। इसमें ओरिजिनल कास्ट दोबारा नजर आएगी। इसकी कहानी भारत पर एक नए खतरे के इर्द-गिर्द घूमेगी। इसमें एक्शन और कॉमेडी भी होगी। मेन आइडिया खुद शाहरुख खान का है। इस आइडिया को आकाश कौशिक डेवलप कर रहे हैं।

### फिल्म की कहानी सुनेंगे शाहरुख


'किंग' के बाद शाहरुख खान के बिजी शेड्यूल को देखते हुए टाइमलाइन पर काम किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि शाहरुख खान मई 2026 में 'किंग' की शूटिंग खत्म करने के बाद 'मैं हूं ना 2' की कहानी सुनेंगे। इसके बाद वह प्रोजेक्ट पर फैसला लेंगे।

### 'मैं हूं ना' की स्टारकास्ट

'मैं हूं ना' (2004) को फराह खान ने डायरेक्ट किया था। इसे गौरी खान और रतन जैन ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और वीनस मूवीज के तहत प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म में शाहरुख खान, सुष्मिता सेन, सुनील शेट्टी, अमृता राव और जायद खान ने अहम रोल निभाए थे।



## क्या दो हिस्सों में रिलीज होगी 'वाराणसी'? राजामौली ने अटकलों पर लगाया विराम



एसएस राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग में बिजी हैं। यह प्राचीन पौराणिक कथाओं पर आधारित है और रामायण से जुड़ी है। जिस दिन से इसका एलान हुआ है, तभी से कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म दो हिस्सों में बनेगी। अब राजामौली ने बताया है कि इस फिल्म का पार्ट 2 आएगा या नहीं।

राजामौली ने फिल्म 'बाहुबली' को दो हिस्सों में बनाया था, इसलिए 'वाराणसी' को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह दो हिस्सों में बनेगी। हालांकि एसएस राजामौली ने लंबे समय से चल रहे इस सस्पेंस को आखिरकार खत्म कर दिया है। मीडिया से राजामौली की बातचीत सामने आई है। इसमें उन्होंने इस मामले पर अपनी बात रखी है।

### क्या दो हिस्सों में बनेगी 'वाराणसी'?

नवंबर 2025 में हैदराबाद में 'वाराणसी' की झलक लॉन्च के दौरान न्यूज एजेंसी स्क्रीन रेंट से बात करते हुए राजामौली ने साफ किया कि 'वाराणसी' एक सिंगल-पार्ट फिल्म होगी। इसका रनटाइम लगभग तीन घंटे होगा। उन्होंने बताया कि टीम ने शुरू में इसे दो हिस्सों में बनाने का विचार किया था, लेकिन प्रोडक्शन शुरू होने के कुछ ही समय बाद यह प्लान बदल गया। उन्होंने बताया कि उन्हें भरोसा है कि अगर दर्शक कहानी में खो जाते हैं और उसमें दिलचस्पी लेते हैं, तो रन टाइम ज्यादा लंबा नहीं लगेगा।

## इस बिजनेसमैन को डेट कर रहीं शमिता ?

### एक्ट्रेस के लिए किया पोस्ट



फिल्म 'मोहब्बतें' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली शमिता शेट्टी ने हाल ही में अपना 47वां जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आई शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा जा रहा है। ये शख्स है टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा। दीपेश की पोस्ट पर शमिता के दीपेश की इस पोस्ट पर शमिता ने कमेंट करते हुए लिखा और इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी बनाए। दीपेश की पोस्ट और उस पर शमिता के इस तरह के कमेंट के बाद अब दोनों के रिलेशन को लेकर चर्चाएं होने लगीं। फैन्स ये कयास लगाने लगे कि शमिता, दीपेश को डेट कर रही हैं। क्योंकि तस्वीरें दोनों की नजदीकियों की गवाही दे रही हैं। शमिता के रिलेशनशिप की चर्चा हुई, तो लोग दीपेश के बारे में भी सर्च करने लगे हैं।

**क्या करते हैं दीपेश शर्मा?**

दीपेश शर्मा की बात करें तो वो एक टेक्नो संगीत कलाकार और बिजनेसमैंन हैं। वो मुंबई के फेमस नाइटलाइफ प्लेस पर मिलाग्रो और द कॉकटेल रूम के सह-संस्थापक के रूप में जाने जाते हैं। वो टुमॉरोलैंड जैसे बड़े फेस्टिवल्स में परफॉर्म करते हैं।

यही नहीं दीपेश गोवा में क्रॉनिकल बीच क्लब के मालिक भी हैं। उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के अनुसार, दीपेश को बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा जैसे स्टार्स फॉलो करते हैं।

**दीपेश ने शमिता के लिए किया प्यारा पोस्ट**

पिछले कुछ वक्त से दीपेश शर्मा और शमिता शेट्टी के रिलेशनशिप को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। इन अटकलों को तब और भी बल मिला, जब दीपेश शर्मा ने शमिता के जन्मदिन पर उन्हें खूबसूरत अंदाज में शुभकामनाएं दीं। दीपेश ने शमिता के लिए जो बर्थडे पोस्ट किया है, उसमें शमिता दीपेश के साथ नजर आई रही हैं। साथ में शिल्पा और राज कुंद्रा भी मौजूद हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में दीपेश ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे मेरी हमेशा की हंसी का राज, जिसे मेरी सारी कहानियां पता हैं और फिर भी साथ है। लव यू माई शम्स्टर।'

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन में करेंगे वन मेले का शुभारंभ

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुधवार को शाम 4 बजे दशहरा मैदान, सेठी नगर उज्जैन में वन मेले का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एमएफपी पार्क द्वारा निर्मित प्राकृतिक ₹होली रंग गुलाल'' एवं ₹महाकाल स्मृति उपहार'' का विमोचन करेंगे। साथ ही वन विभाग की एक नवीन पहल ₹महाकाल वन प्रसादम'' का भी शुभारंभ करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी के-के जोशी ने बताया कि महाकाल वन मेला ₹समृद्ध वन, खुशहालजन'' थीम पर आधारित होगा, जो 11 से 16 फरवरी 2026 तक चलेगा। महाकाल की नगरी उज्जैन में वन मेले का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वन विभाग की प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन करेंगे। साथ ही वन मंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक, जिला यूनियन दक्षिण पन्ना एवं वन रक्षक, जिला यूनियन दक्षिण पन्ना को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह



अहिरवार, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव वन एवं मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ के प्रशासक अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अंबाडे और मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक डॉ. समिता राजौरा उपस्थित रहेंगी। मेले में प्रदेश के वनवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली अकाष्ठीय वनोपज के प्रदर्शन, संरक्षण, संवर्धन, प्रसंस्करण एवं विपणन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। वन मेला प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता के वैभव को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है। अकाष्ठीय वनोपज संग्राहक, वन धन केन्द्रों, प्राथमिक लघु वनोपज समितियाँ, व्यापारीगण, हर्बल और आयुर्वेदिक उद्योग के प्रतिनिधि इस आयोजन में भाग लेंगे और अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। वनों में उपलब्ध अकाष्ठीय वनोपज व्यापक तौर पर ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रदेश में अकाष्ठीय वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। वन मेले में लगभग 250 भव्य एवं आकर्षक स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं, जिसमें 16 स्टॉल्स विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी के लिये, 76 स्टॉल्स प्राथमिक लघु वनोपज समितियों एवं वन धन केन्द्रों के लिये, एक भव्य स्टॉल विंध्य हर्बल्स के लिये, 5 स्टॉल्स लघु वनोपज के जीवंत प्रदर्शन के लिये, ओपीडी (निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श) के लिये 50 स्टॉल्स आरक्षित रखे गये हैं। इसके अलावा 76 स्टॉल्स निजी क्षेत्र के स्टॉल धारकों के लिये और 16 स्टॉल्स फूड जेन के लिये रखे गये हैं। मेले में किड्स जोन, व्हील चेयर्स, गोल्फ कार्ट, सिटिंग एरिया, वॉटर पाइंट, सेल्फी पाइंट की सुविधाएँ भी आगंतुकों को उपलब्ध रहेंगी। मेले में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, आयुर्वेदिक डॉक्टर्स एवं परम्परागत वैद्यों द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम और परम्परागत भोज्य पदार्थों की उपलब्धता रहेगी।

## राजस्थान के मौसम में बदलाव: बढ़ा तापमान, सर्दी धीरे-धीरे हुई कम

**जयपुर :** राजस्थान में मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण प्रदेशभर में सर्दी का असर धीरे–धीरे कम हो रहा है। कई जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस बीच कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई।
मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम मुख्य रूप से साफ रहने की संभावना है और तापमान में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं और सीकर क्षेत्रों में मंगलवार दोपहर बाद आसमान में हल्के बादल छा गए। चूरू और श्रीगंगानगर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अचानक तापमान बढ़ने और वातावरण में नमी (ह्यूमिडिटी) की मात्रा अधिक होने के कारण स्थानीय स्तर पर बादल बने, जिससे मौसम में बदलाव देखने को मिला। श्रीगंगानगर के सादुलशहर में बूंदाबांदी के बाद लोगों को फिर हल्की सर्दी का अहसास हुआ। मंगलवार को प्रदेश के कई शहरों में हल्की गर्मी रही। बाड़मेर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, चूरू, फतेहपुर और दौसा सहित सात शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस मापा गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां दिनभर तेज धूप खिली रही और देर शाम तक सर्दी का असर कम नजर आया। चूरू में बारिश के बाद लोगों को तेज धूप से कुछ राहत मिली। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है।

## राजस्थान में शादी से लौट रहे दोस्तों की कार हाइवे पर ट्रेलर में घुसी, छह की मौत

एजेंसी

**दौसा :** राजस्थान के दौसा जिले में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में एक ही गांव के छह युवकों की मौत हो गई। सभी युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसा जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे पर कैलाई गांव के पास मंगलवार देरसत हुआ। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और दूसरी ओर से आ रहे ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार युवक अंदर बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद कार को क्रेन की मदद से ट्रेलर से अलग किया गया। काफी मशक्कत के बाद युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में चार युवकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल युवकों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया,



जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया। दूसरे युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ड्राइवर सीट पर बैठे युवक का शरीर हादसे के बाद आधा बाहर लटक गया था, जिससे टक्कर की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हादसे में समय सिंह (25) पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश (24) पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश (24) पुत्र बनवारी योगी, मनीष (23) पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित (26) पुत्र लालाराम बैरवा और नवीन (23) की मौत हो गई। सभी युवक कालाखो गांव (दौसा) के निवासी थे। बताया जा रहा है कि हादसे से कुछ घंटे पहले सभी दोस्त आभानेरी गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने साथ बैठकर भोजन किया और एक साथ फोटो भी खिंचवाई थी। वही फोटो अब उनके परिवारों के लिए आखिरी याद बनकर रह गई है। हादसे की सूचना मिलते ही दौसा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया हादसे का कारण ओवरस्पीड बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

## नेपाल -भारत के बीच सुरक्षा सहयोग पर विशेषज्ञों ने किया विमर्श

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल-भारत सुरक्षा सहयोग पर दोनों देशों के थिंक टैंक के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के बीच चर्चा हुई है। नेपाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एंड एंगेजमेंट के मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में दोनों देशों के प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। भारतीय सेना के सबसे पुराने थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के महानिदेशक संजय जसजित सिंह ने कहा, ह्भारतीय सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा की अग्रिम पंक्ति में नेपाली साहस और वीरता हमेशा से रही है। भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तथा थिंक टैंक नेटस्ट्रैट के संयोजक और पूर्व राजदूत पंकज शरण ने नेपाल के युवाओं के साथ हुई बातचीत से स्वयं को काफी प्रभावित बताया। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत–दोनों देशों के युवाओं को भविष्य के नेपालझ्भारत




संबंधों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

इंडिया फाउंडेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष आलोक बंसल ने कहा कि भारत सीमा-पार आतंकवाद का प्रमुख शिकार रहा है और इसका नेपाल पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर संगीता थपलिया ने कहा कि भारतझ्नेपाल संबंध थिंक टैंकों और शैक्षणिक केंद्रों के कार्यों से लाभान्वित हुए हैं और सहयोग को सुदृढ़ करने की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं।

काउंसिल फॉर स्ट्रैटेजिक एंड डिफेंस रिसर्च के सह-संस्थापक डॉ. गौरव सैनी ने कहा कि गहरे व्यापारिक, सांस्कृतिक और जन-जन के संबंधों के कारण भारतझ्नेपाल सीमा विशिष्ट है, लेकिन सीमा के खुले स्वरूप से उत्पन्न साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान मिलकर करना होगा।

नेपाली सेना के अवकाश प्राप्त ब्रिगेडियर जनरल तथा सामरिक मामलों के विशेषज्ञ बिनोज बस्न्यात ने कहा कि नेपाल में जेनझ्जी के प्रदर्शन अप्रत्याशित नहीं थे, लेकिन उनका स्वरूप चौंकाने वाला रहा। चुनाव के महत्व को स्वीकार करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल चुनाव ही रणनीतिक स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने चुनावोत्तर स्थिति को रणनीतिक समाधान से अधिक एक ह्रणनीतिक विरामह्व के रूप में

## हब्बाकदल में लगी आग में छह घर क्षतिग्रस्त, दमकलकर्मी और दो नागरिक घायल

एजेंसी

**श्रीनगर :** श्रीनगर के हब्बाकदल इलाके में देर रात लगी आग में कम से कम छह आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बुधवार सुबह बताया कि राज्य अग्निशमन नियंत्रण कक्ष को रात 10:32 बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद हबाकदल, बाबदेम, गौकादल, मुख्यालय और सैयद हमीद पोरा अग्निशमन केंद्रों से दमकल गाड़ियां एक मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गईं। अधिकारी ने आगे बताया, ₹इलाके की घनी आबादी को देखते हुए आग पर काबू पाने के लिए महाराजगंज, रैनावारी, सफाकादल, रावलपोरा, नौशेरा और नौगाम से भी अतिरिक्त दमकल



कर्मियों को बुलाया गया।₹ आग बुझाने के अभियान के दौरान एक दमकलकर्मी के हाथ में गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दो नागरिक भी घायल हुए और उन्हें भी चिकित्सा सहायता के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने आगे बताया कि घटना के दौरान दो से तीन गैस सिलेंडर फट गए जिससे छह घरों को नुकसान पहुंचा, मुख्य रूप से अटारी वाले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। इस अभियान का निरीक्षण मौके पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के उप निदेशक डॉ. मीर आकिब हुसैन ने किया जबकि वरिष्ठ अधिकारियों ने समन्वय और दमकल इकाइयों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित की। इस बीच एडीजीपी आलोक कुमार (आईपीएस) ने आम जनता से बिजली के उपकरणों और एलपीजी कुकिंग गैस का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच जारी है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करके बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज चौतरफा तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार होता रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,939.97 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 134.30 अंक 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ




जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 160.84 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50,348.98 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,353.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत टूट कर 24,987.85 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 8,327.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज चौतरफा खरीदारी होती हुई नजर आ रही है। एशिया के नौ बाजार में से आठ के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से निक्केई इंडेक्स में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। गिफ्ट निफ्टी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,024.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,980.69 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 597.11 अंक यानी 1.81 प्रतिशत उछल कर 33,670.08 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 111.52 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,243.26 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 1.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,365.58 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 119.85 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 27,303 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,414.75 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,137.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## कटिहार से अमृतसर वाया फारबिसगंज ललितग्राम चलेगी होली स्पेशल ट्रेन




एजेंसी

**अररिया :** बिहार से दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले कामगारों की सुविधा और होली जैसे पर्व में घर वापसी को लेकर रेलवे ने कटिहार से अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। कटिहार से अमृतसर के लिए वाया फारबिसगंज, ललितग्राम,सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी,दरभंगा होकर होली स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 05735 / 05736 कटिहार अमृतसर होली स्पेशल स्पेशल वाया पूर्णिया,फारबिसगंज,सरायगढ़,दरभंगा होकर अमृतसर ट्रेन जाएगी। वहीं कटिहार से 18 फरवरी से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को और अमृतसर से 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन का परिचालन होगा। गाड़ी संख्या 05736 कटिहार - अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन कटिहार से 18 फरवरी से 20 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को कटिहार से रात्रि 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 09:45 बजे अमृतसर पहुंचेगी।गाड़ी संख्या 05736 अमृतसर-कटिहार होली स्पेशल ट्रेन अमृतसर से 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13 : 25 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 23:45 बजे पहुंचेगी।ट्रेन का ठहराव पूर्णिया,अररिया,फारबिसगंज,ललितग्राम,राघोपुर,सरायगढ़,निर्मली,झंझारपुर, सकरी,दरभंगा,सीतामढ़ी,रक्सौल,नरकटियागंज,कप्तानगंज ,गोरखपुर बस्ती,गोण्डा,सीतापुर, शाहजहांपुर,बरेली,मुरादाबाद, बक्सर,रुड़की,सहारनपुर,अंबाला, छावनी राजपुरा,डंडारी कलां (लुधियाना),जालंधर व्यास स्टेशन पर है। जानकारी कटिहार रेलवे परामर्श दात्री सदस्य बछराज राखेचा ने यह जानकारी दी।

### न्यूज IN ब्रीफ

## गैस रिसाव से लगी आग, मजदूर की जलकर मौत

**सीतापुर :** उप्र के सीतापुर में लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर में मंगलवार देर रात एक हृदयविदारक हादसा हो गया, जिसमें 51 वर्षीय रामनाथ पासी की जलकर मौत हो गई। रामनाथ पासी पुत्र स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे और घर में अकेले रहते थे। बताया जा रहा है कि रात में खाना बनाने के बाद उन्होंने पांच किलो के छोटे गैस सिलेंडर को बंद कर दिया था और सोने चले गए थे। इसी दौरान अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ और कुछ ही क्षणों में कमरे में भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि रामनाथ को संभलने या बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की लपटें देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली लहरपुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक रामनाथ गंभीर रूप से झुलस चुके थे और उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रथम दृष्टया घटना गैस रिसाव के कारण हुई प्रतीत हो रही है। फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## दाउदपुर के बंगरा में युवक को मारी गोली

**सारण :** जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में बीती रात पुराने विवाद में दबंगों ने एक युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं अपने दोस्त को बचाने पहुंचे एक अन्य व्यक्ति पर हमलावरों ने चाकू से प्रहार कर उसे भी लहूलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार बीती रात बंगरा निवासी तारकेश्वर सिंह के 32 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार सिंह अपने घर पर दोस्त के साथ बैठे थे। इसी बीच गांव के ही धड़ाका सिंह नामक युवक अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ते ही हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। जख्मी संजीव सिंह ने बताया कि एक गोली उनके जैकेट के दाहिने हिस्से को चीरते हुए निकल गई, जबकि दूसरी गोली उनके बाएं पैर में जा लगी। संजीव को बचाने आए उनके दोस्त, भीमल सिंह के 42 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह पर अपराधियों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। परिजन ने आनन-फानन में दोनों घायलों को एकमा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही दाउदपुर थानाध्यक्ष रात करीब 10:00 बजे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया जहां से 03 खोखे बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रशासन के अनुसार मामला पुरानी आपसी रंजिश का है। घटना के बाद गांव में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दरभंगा इंफ्रा इंजीनियर की मौत

**बिहार :** सीवान जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरहनी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक अंधेरे और सुनसान सड़क का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मृतक दरभंगा जिले के बहेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर बैगनी निवासी रविंद्र मलिक के पुत्र अमित कुमार मलिक है। अमित सीवान में जियो टेलीकॉम कंपनी के पार्टनर एनआईपीएल में इंफ्रा इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे और अपने कार्य के प्रति काफी जिम्मेदार माने जाते थे।सहयोगियों के अनुसार अमित कार्य के सिलसिले में गोपालगंज जिले के बरौली गए हुए थे। वहां से काम निपटाकर बाइक से सीवान लौटते समय बरहनी पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वे सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।उसी दौरान गश्ती पर निकली मुफ्फसिल थाना पुलिस की नजर सड़क किनारे पड़े युवक पर पड़ी। पुलिस ने तत्काल उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के मोबाइल फोन से घटना की सूचना उनके सहयोगियों और परिजनों को दी गई। मुफ्फसिल थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गश्ती के दौरान बरहनी पेट्रोल पंप के समीप एक युवक घायल अवस्था में मिला था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम सहित आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और घटना की जांच में जुटी हुई है।

## उप्र सरकार आज विधानसभा में पेश करेगी बजट, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने की पूजा-अर्चना

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे विधानसभा में बजट पेश करेगी। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट वर्ष 2026-27 की प्रस्तुति से पूर्व अपने आराध्य का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। प्रदेश की समृद्धि, विकास और समस्त प्रदेशवासियों के सुख-शांति एवं कल्याण की मंगलकामना की। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ सरकार-2.0 का यह अंतिम पूर्ण बजट है। आज योगी आदित्यनाथ सरकार अपना 10वां बजट पेश करेगी। अब तक का सबसे भारी भरकम बजट होगा।

## सारण में धूमधाम से मनाया गया बाबा भोलेनाथ का तिलक उत्सव

**सारण :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के पूर्व छपरा शिवमय होने लगी है। वर्षों से चली आ रही परंपरा को जीवंत रखते हुए दौतलगंज स्थित ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर छत्रधारी बाजार में मंगलवार को देवाधिदेव महादेव का तिलक उत्सव पूरी श्रद्धा, हर्षोल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समाजसेवी धर्मनाथ पिंटू के अनुसार दोपहर से ही मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल दिखने लगा था। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु मंदिर पहुँचीं। परंपरा के बाबत भोलेनाथ के तिलक की रस्में निभाई गईं। महिलाओं ने मांगलिक गीतों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ह्शिव के तिलक चढ़े...ह्व और ह्आजु जनकपुर में मड़वा...ह्व जैसे गीतों पर महिलाएं झूमती नजर आईं। हल्दी, अक्षत, चंदन और फल-फूल के साथ बाबा का तिलक किया गया, जो इस बात का प्रतीक है कि भक्त अब अपने आराध्य के विवाह महाशिवरात्रि की तैयारियों में पूरी तरह जुट गए हैं। यह तिलक उत्सव केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि दो शक्ति केंद्रों का मिलन भी है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मनोकामना नाथ मंदिर और सिद्धेश्वर नाथ मंदिर नबीगंज की महत्ता को दशार्या गया, जहाँ भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी।

# मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में छोटे एम्बुलेंस व अग्निशामक वाहन के आवागमन की व्यवस्था को रखें दुरूस्त : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को महाशिवरात्री के सफल संचालन को लेकर पंडा पुरोहित समाज के प्रतिनिधियों व सम्मानित सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा महाशिवरात्री एवं शिवबारात को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों पर चर्चा करते हुए पंडा समाज के सदस्यों व प्रतिनिधियों से उनके सहयोग और विचारों से अवगत हुए। साथ ही सभी की सहमति से 14 व 15 तारीख को शीघ्र दर्शनम का शुल्क पूर्व की तरह 600 रुपये निर्धारित किया गया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि बाहर से आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने हेतु हम सभी को मिलकर पूरे तत्परता के कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि सभी के जन सहयोग से सुरक्षित जलार्पण के साथ श्रद्धालुओं को बाबा नगरी में एक सुखद अनुभूति दी जा सके। साथ हीं श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण, पूजा-अर्चना को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए मंदिर प्रांगण में आवश्यक कार्यों को तय समय के अनुरूप पूर्ण करने की बात उपायुक्त ने कही।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा बाबा मंदिर व उसके आस पास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं




को और भी बेहतर करने के उदेश्य से मंदिर प्रांगण व आस पास के क्षेत्रों में बिजली व लाईटिंग की व्यवस्था को और भी दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आगे शीघ्रदर्शनम् कूपन की व्यवस्था को और भी सुगम बनाने के उदेश्य से विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इसके अलावे बैठक के दौरान महाशिवरात्री के सफल संचालन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधा हेतु आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने की बात कही गयी। साथ ही पूर्व की तरह और भी भव्य रूप से निर्धारित रुटलाइन से शिवबारात निकाली जाएगी।बैठक में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार, पंडा धर्मरक्षिणी के अध्यक्ष, पंडा धर्मरक्षिणी के महामंत्री एवं पंडा व तीर्थ पुरोहित समाज के सदस्य, प्रतिनिधि व संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### वार्ड पार्षद प्रत्याशी का खुला चुनावी कार्यालय



**दुमका :** मंगलवार को शहर के नया पाड़ा में अरविन्द कुमार सिंह के मकान नगरपालिका चुनाव-2026 में वार्ड नंबर -15 के प्रत्याशी संदीप कुमार जय बमबम जिनका चुनाव चिन्ह मोतियों का हार क्रमांक संख्या -4 पर है उनके चुनाव कार्य संपादन हेतु चुनाव कार्यालय का विधिवत उदघाटन सामूहिक रूप से वार्ड के वयोवृद्ध चन्द्रशेखर मिश्र,सिविल सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, शंकर झा, अरविन्द कुमार सिंह, निभा देवी, इंदु चौबे, रेणु देवी,निशा झा,कविता चौधरी,नीरज कुमार सिंह,आलोक शंकर उपाध्याय,कैलाश प्रसाद वर्मा, विकाश चन्द्र झा आदि ने किया। मौके पर अजय कुमार पाठक,मनोरंजन कुमार, सुनील कुमार सिंह,गणेश राउत,रामावतार शर्मा,शांति देवी,सुशीला देवी, कविता देवी,रंजना उपाध्याय,सोनी देवी, सुनैना देवी,रीता देवी,पुष्पा देवी, मनिता झा,शंकर यादव, मुकेश कुमार राउत,रोहित तिवारी,शशिधर झा,संजू सिंह,दिलीप ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में संख्या में वार्ड से लोग उपस्थित हो कर प्रत्याशी संदीप कुमार जय बमबम को जीत के लिए आशीर्वाद दिए ।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**देवघर :** जिले की जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को समक्ष रखा गया। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती किस्कू द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती किस्कू ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

### टाटा बादामपहाड़ की जोड़ी ट्रेन कल होगी रद्द

**जमशेदपुर :** हल्दीपोखर में लाइन ब्लॉक के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से टाटानगर-बादामपहाड़ मार्ग की दो जोड़ी मेमू ट्रेन को रद्द करने का आदेश हुआ है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों को 26 फरवरी तक आवागमन में दिक्कत होगी। हालांकि लाइन ब्लॉक के दौरान एक जोड़ी मेमू ट्रेनों को चलाने का आदेश है। इधर आद्रा मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण भी ट्रेनों को बदले मार्ग पर चलने और परिचालन दूरी में कटौती हो रहा है। इसके अलावा चक्रधरपुर मंडल रेलवे में खड़गपुर चक्रधरपुर राउरकेला और झारसुगुड़ा मार्ग पर बंद मेमू ट्रेनों को गुरुवार से चलने का आदेश हुआ है।

### बेतझरिया के पास पिकअप वैन की पलटने से एक की मौत



**धालभूमगढ़ :** धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत बेतझरिया गांव के पास खेतान पत्थर पिसाई कारखाना के नजदीक एक पिकअप वैन और नियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई ,वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों को धालभूमगढ़ स्थित सीएससी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया है। पिकअप वैन श्रमिकों को लेकर मोहलीसोल से पूनगोड़ा भालकी के नजदीक काम करवाने के लिए लेकर जा रही थी। जिसमें दो बच्चे सहित 11 वयस्क और एक ड्राइवर के साथ कुल 13 लोग सवार थे । घायलों के अनुसार तथा डॉक्टर के कथा अनुसार ड्राइवर नशे की हालत में था । डॉ शिव शंकर मुर्मू एवं डॉ सौम्य हेम्ब्रैम ने घायलों को प्राथमिक इलाज की एवं उचित एवं उच्च स्वास्थ्य लाभ के लिए उच्च चिकित्सालय महात्मा गांधी मेमोरियल चिकित्सालय स्थानांतरित कर दिया। इस घटना में जोड़सोल गांव का रहने वाला राजमिस्त्री मंगल मुंडा की मौके वारदात पर ही मृत्यु हो गई । राजमिस्त्री के परिवार में तीन लड़की और एक लड़का है। सूचना मिलने पर एक बार क्षेत्र की जीवनदायनी सामाजिक संस्था सेवा ही धर्म अपने सक्रिय सदस्यों के साथ मौके पर उपस्थित होकर घायलों को धालभूमगढ़ पुलिस की सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन ठेकेदार पंकज झा का श्रमिक लेकर मोहलीशोल से पूनगोड़ा कुआं का काम करवाने के लिए लेकर जा रहा था ।ड्राइवर के अनुसार मालिक से उसने कहा था आज मैं नशे में हूं गाड़ी लेकर नहीं जाऊंगा !मगर मलिक ने जबरदस्ती गाड़ी देकर भेजा ।घायलों में ड्राइवर गुरु चरण हाँसदा,तिरूलडीह का रहने वाला है,शालखान किस्कू, सूरज सरदार , रोबा सिंह वर्ष, सीता किस्कू, सोनाली सरदार , बोदी मुर्मू , शुकुरमुनि सरदार , शालखान किस्कू ,लखविंदर सरदार, महेश्वर सिंह वर्ष ,एवं सरोज सरदार सभी लगभग एक ही परिवार से बिलॉन्ग करते हैं !जो कि हडीयाणा, उड़ीसा के खड़िया सोल के रहने वाले हैं। दो लोग बाँधघुटु और जोडशोल के रहने वाले हैं । कुल आठ घायलों को उच्च चिकित्सा के लिए स्थानांतरित किया गया।

वार्ड-16 में कांटे की टक्कर

## नाजमा रजा और सलाहउद्दीन उर्फ संजु के बीच मुकाबला दिलचस्प

गुलाम शाहिद

**रांची :** वार्ड पार्षद चुनाव को लेकर वार्ड-16 में सरगर्मी तेज हो गई है। निवर्तमान पार्षद नाजमा रजा एक बार फिर चुनावी रणक्षेत्र में उतर चुकी हैं। क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और पिछले कार्यकाल का अनुभव उनके पक्ष को मजबूती दे रहा है।

इस बार उनका मुकाबला क्षेत्र के दिग्गज और पूर्व प्रत्याशी सलाहउद्दीन उर्फ संजु से है, जो लंबे समय से स्थानीय राजनीति में सक्रिय रहे हैं। दोनों ही प्रत्याशियों की अपने-अपने समर्थकों के बीच अच्छी पकड़ मानी जा रही है, जिससे चुनावी मुकाबला बेहद रोचक और कांटे का बनता जा





रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दो मजबूत दावेदारों की इस सीधी टक्कर में किसी तीसरे प्रत्याशी के उभरने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में वार्ड-16 का चुनावी गणित और भी दिलचस्प हो गया है।

वोटर समीकरण साधने की कवायद अभी से तेज हो चुकी है। समर्थक अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क और रणनीति में जुट गए हैं। हालांकि, ऊंट किस करवट बैठेगा, इसका फैसला अंततः वार्ड की जनता ही करेगी। चुनाव परिणाम जो भी हो, फिलहाल वार्ड-16 का मुकाबला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

नगर निकाय चुनाव 2026

## वार्ड संख्या दस से वार्ड पार्षद प्रत्याशी शंभु साव का जन संपर्क हुआ तेज

संवाददाता

वार्ड संख्या दस के निवर्तमान वार्ड पार्षद एवं वार्ड पार्षद प्रत्याशी शंभु साव अपने वार्ड में किए गए विकास कार्यों के फलस्वरूप एक बार पुनः जनता के सामने हैं तथा अपने चुनाव चिह्न बल्ला के साथ इस बार भी निर्धारित लक्ष्य और जीत के लिए वार्ड वासियों का समर्थन और आशीर्वाद के लिए व्यापक रूप से जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। पूर्व वार्ड पार्षद शंभु साव ने अपने कार्यकाल में पूरे वार्ड में जिस प्रकार से आम लोगों की समस्याओं को सुनने और जानने के पश्चात निराकरण किया उसी का यह परिणाम है कि वार्ड संख्या दस में वे अपने किए गए कार्य और भरपूर विकास के पश्चात पुनः चुनावी मैदान में हैं और इस मैदान में अपने बल्ले से लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने बल्ले से पुनः दमदार बैटिंग कर लक्ष्य हासिल करने के लिए जुट गए हैं और जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया है। श्री साव का मानना है कि किए गए कार्य और विकास ही उनकी उपलब्धि है और इसी के फलस्वरूप वे दुबारा



जनता के समक्ष चुनावी मैदान में उतरे हैं और इस बार भी जनता का आशीर्वाद, स्नेह और समर्थन उन्हे मिलेगा।

## आज का युग डिजिटल युग है : पदाधिकारी

**दुमका :** सुरक्षित इंटरनेट दिवस2026 के अवसर पर मंगलवार को सभागार भवन, जिला पंचायतीराज कार्यालय, दुमका में जिला प्रशासन के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं सरकारी कर्मियों को सुरक्षित, जिम्मेदार एवं विवेकपूर्ण इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना था, ताकि डिजिटल माध्यमों का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रवि रंजन, सहायक जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मिथलेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रवि रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग डिजिटल युग है, जिसमें इंटरनेट ने सूचना, शिक्षा, संचार एवं सेवाओं को अत्यंत सरल बना दिया है। परंतु इसके साथ-साथ साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी सूचनाएं, डेटा चोरी एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग जैसी चुनौतियां भी तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार नंबर, बैंक विवरण, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए तथा संदिग्ध लिंक, ई-मेल एवं कॉल से सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सुरक्षित एवं नैतिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एआई तकनीक जहां कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके दुरुपयोग से निजता एवं सुरक्षा पर खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। अतः एआई आधारित टूल्स का उपयोग सोच-समझकर एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए।सहायक जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी जानकारी को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता की जांच आवश्यक है, ताकि फर्जी खबरों एवं भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने साइबर अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं पुलिस से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी।कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं राकेश रंजन, डीपीओ, यूआईडी, दुमका; अनुराज टुडू, डीआरएम, एनआईसी, दुमका तथा शुभम झा, जिला प्रबंधक, सीएससी, दुमका द्वारा डिजिटल गोपनीयता, डेटा संरक्षण, ऑनलाइन शिष्टाचार एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रस्तुति दी गई। वक्ताओं ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें तथा उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति मार्गदर्शन दें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने एवं समाज में डिजिटल जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## कृषि विभाग से संबंधित विभागों की आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तर पर कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने अभियान मोड में पशु वैक्सीनेशन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाए तथा इस कार्य में जेएसएलपीएस की पशु सखी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी द्वारा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी बैठक में दी गई। उद्यानिकी (हॉर्टिकल्चर) विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि अदरक की खेती के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही लाभुकों का चयन कर योजनाओं का लाभ प्रदान करने, मशरूम सहित अन्य वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा 35 छोटे ट्रैक्टर स्लत्र्ह्व महिलाओं को, 40 बड़े ट्रैक्टर स्लत्र्ह्व ऋद्धड, लैम्प्स एवं पैक्स को उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 250 पंप सेट का वितरण किया जा चुका है। उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों को अधिकतम लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

## नेशनल अकैडमिक डिपॉजिटरी एवं अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के क्रियान्वयन पर आयोजित कार्यशाला संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विवि तथा डिपार्टमेंट ऑफ हायर एन्ड टेक्निकल एजुकेशन, झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में नेशनल अकैडमिक डिपॉजिटरी (ठअऊ) एवं अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (अइउ) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने की। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के निदेशक सुधीर बड़ा, उप निदेशक डॉ. अजय राज खालको, विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, तथा एसकेएमयू के अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के नेड एवं एबीसी समन्वयक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को नेड एवं एबीसी की उपयोगिता से अवगत कराया।

अपने वक्तव्य में उप निदेशक डॉ. अजय राज खालको ने कहा कि नेशनल अकैडमिक डिपॉजिटरी (ठअऊ) के अंतर्गत छात्रों के सभी शैक्षणिक दस्तावेज डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित रखे जाते हैं, जबकि अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (अइउ) के माध्यम से छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट को डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग पूरे झारखंड में इन दोनों प्रणालियों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसके लागू हो जाने से छात्र अपने शैक्षणिक दस्तावेज कहीं से भी डाउनलोड कर सकेंगे, जो भविष्य में छात्र दस्तावेजीकरण का प्रमुख माध्यम बनेगा।

उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की अन्य पहलों का उल्लेख करते हुए




विश्वविद्यालय को एसआरसी सेंटर के माध्यम से अधिकाधिक छात्र सेवाओं को ऑनलाइन करने की सलाह भी दी।

दिल्ली से आए नेड एवं एबीसी के तकनीकी विशेषज्ञ श्री रवि पांडेय ने दोनों प्रणालियों के तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया।

तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक श्री सुधीर बड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग पेपरलेस डॉक्यूमेंटेशन की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नेड एवं एबीसी को विशेष महत्व दिया गया है और इन्हें झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में लागू करने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय से आग्रह किया कि छात्रों के अधिकाधिक दस्तावेज विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं ताकि छात्रों को आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय को नेक मूल्यांकन में भी लाभ मिलेगा।

कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उच्च शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सरकार की मंशा के अनुरूप नेड एवं एबीसी की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 7झ्8 सत्रों के प्रमाणपत्र पहले ही डिजिलॉकर पर अपलोड किए जा चुके हैं। उन्होंने इसे समय की मांग के अनुरूप एक अत्यंत सराहनीय पहल बताया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा ने कहा कि ह्लवन स्टूडेंटझ्वन आईडीह्व की परिकल्पना को अपार आईडी के माध्यम से साकार किया गया है, जो आने वाले समय में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय निदेशालय की सभी पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा जहां कहीं भी क्रियान्वयन में कमी होगी, उसे दूर किया जाएगा।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा ने किया, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. इंद्रनील मंडल ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परीक्षा विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, गैर-शैक्षणिक अधिकारी, तथा सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के एबीसी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।